हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | सेलूद | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 शिक्षक का दिया न्योता भोज आत्मीयता बढ़ाता है गुरु शिष्य के बीच : सोनवानी



14 आयुक्त ने निर्माणाधीन रोड एवं स्लाटर हाउस का किया निरीक्षण






## खबर संक्षेप



### सूने मकान से लाखों के गहने और कैश चोरी

**भिलाई।** कैलाश नगर लोहिया रोड में गुप्ता ब्रदर्स के मकान में लाखों की चोरी का मामला सामने आया। परिवार आरंग में शादी से लौटा तो देखा कि दो मंजिला मकान के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। आलमारी से सोने-चांदी के जेवर और करीब एक लाख बीस हजार रुपये नकद गायब थे। मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार राहुल गुप्ता के कमरे से सोने की चैन, दो जोड़ी ईयर टॉप्स, एक जोड़ी झुमका, नौ चांदी के सिक्के, दो चांदी की चैन और 40 हजार रुपये कैश चोरी हुए हैं। वहीं उनके भाई राजकुमार गुप्ता के कमरे से सोने की चैन, ईयर टॉप्स की एक जोड़ी, 4 फुल्ली, पांच जोड़ी चांदी की पायल और 80 हजार रुपये नकद चोर उठा ले गए।गुप्ता ब्रदर्स की परफ्यूम और अगरबत्ती की दुकान सर्कुलर मार्केट पावर हाउस में है, जबकि लोहिया रोड पर उनका दो मंजिला घर है। जामुल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

**खबर का असर : जिले के 188 स्कूलों के लिए शिक्षा विभाग की कार्ययोजना**

# डी ग्रेड विद्यार्थियों के लिए मेंटर नियुक्त प्रतिदिन होगा होम वर्क और मूल्यांकन


जिले में चल रहे मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान
जिले के 188 सरकारी स्कूल डी ग्रेड, सबसे ज

हरिभूमि में 24 नवंबर को प्रकाशित खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत दुर्ग जिले के 188 स्कूल डी ग्रेड में हैं। इन स्कूल के विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के हिसाब से जिला शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना बनाई है। डी ग्रेडिंग वाले विद्यार्थियों के लिए विभाग मेंटर नियुक्त किया है। ऐसे विद्यार्थियों को प्रतिदिन होम वर्क मिलेगा और उसका मूल्यांकन दूसरे दिन स्कूल में शिक्षक करेंगे। विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर सुधरा है कि नहीं इसके लिए अभियान का दूसरा पड़ाव शुरू होगा। यहां भी सोशल ऑडिट के माध्यम से विद्यार्थियों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाएगा। जब तक ये स्कूल के विद्यार्थी अपग्रेड नहीं होंगे तब तक यह अभियान चलेगा।

## जिला शिक्षा विभाग की यह है मुख्य कार्ययोजना

### दो भागों में बांटे जाएंगे विद्यार्थी

डी ग्रेडिंग वाले स्कूलों के विद्यार्थियों का दो भागों में बांटा जाएगा। पहले भाग में वे बच्चे होंगे जो पढ़ाई में अच्छे हैं और दूसरे में डी ग्रेडिंग वाले विद्यार्थी होंगे। डी ग्रेड वाले विद्यार्थियों को शिक्षक पहले सरल तरीके से अध्यापन करवाएंगे। इसके लिए नवाचार पद्धति से पढ़ाई होगी। मसलन सहायक शिक्षण सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा।

### मेंटर नियुक्त होंगे स्कूलों में

जिले के डी ग्रेड वाले स्कूलों के विद्यार्थियों की पढ़ाई करवाने के लिए विशेष रूप से मेंटर की नियुक्ति की जानी है। मेंटर विद्यार्थियों की समझ और उनकी केबिलिटी पावर के हिसाब से अध्यापन का तरीका निकालेंगे और उसे संबंधित विषय के शिक्षकों को इसके तौर-तरीके बताएंगे। इससे शिक्षकों को सुविधा होगी

### हर दिन 10 सवाल देंगे बच्चों को

डी ग्रेडिंग वाले बच्चों को प्रतिदिन स्कूल में शिक्षक दस सवाल देंगे। इन सवालों को विद्यार्थी अपने घर से हल कर दूसरे दिन लाएंगे। शिक्षक इन सवालों के उत्तर का मूल्यांकन करेंगे। मूल्यांकन रिपोर्ट हर बच्चों का तैयार होगा। इस रिपोर्ट को जिला स्तर के एप में डाला जाएगा। एप के माध्यम से जिला स्तर के अधिकारी सतत मानिटरिंग करेंगे।

### हर पांच बच्चों को गोद लेंगे सीएसी

डी ग्रेडिंग वाले विद्यार्थियों का अलग-अलग ग्रुप तैयार होगा। एक ग्रुप में 5-5 बच्चों को शामिल किया जाएगा। इन बच्चों के ग्रुप को सीएसी, बीएसी और टीचर गोद लेंगे। इनके द्वारा ऐसे बच्चों की एकस्ट्रा क्लास भी लेना है। इससे यह होगा कि बच्चों का शैक्षिक स्तर जल्द से सुधरेगा। ग्रुप में से अच्छे बच्चों की फिर से छटनी होगी। ग्रेडिंग सुधार तक यह सिलसिला चलेगा।

### जिला, ब्लॉक व संकुल स्तर पर मानिटरिंग

डी ग्रेड वाले स्कूलों की मानिटरिंग जिला स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर और संकुल स्तर पर मानिटरिंग की योजना बनाई गई है। राज्य द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की रिपोर्ट के लिए विद्यार्थी विकास सूचकांक नामक एप बनाई गई है। जिसमें गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट और प्रगति भेजी जाएगी। प्राथमिक, मिडिल और हाई व हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति प्राप्त किया जा सकेगा। जिला स्तर के विशेषज्ञ टीम द्वारा शिक्षकों को शिक्षा सुधार के लिए मार्गदर्शन देंगे।

### हर बच्चों की श्रेणी सुधार

डी ग्रेड वाले स्कूलों के विद्यार्थियों की श्रेणी सुधारेंगे। प्राइमरी स्तर के बच्चों को सरल व खेल-खेल में अध्यापन करवाना है। मिडिल स्तर के बच्चों के लिए टीचिंग लर्निंग मटेरियल के माध्यम से पढ़ाई करवानी है। हाई व हायर सेकंडरी स्तर पर विशेषज्ञ टीचरों की टीम काम करेगी। सतत आंकलन, मूल्यांकन और मानिटरिंग से स्थिति सुधर जाएगी। -**अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

## कुलसचिव डॉ. अरोरा बदले गए, डॉ. अमित को प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा को हटा दिया गया है। डॉ. अरोरा को उनके मूल पदस्थापना स्थल शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय अंबिकापुर में वापिस करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय को प्रभारी कुलसचिव पद एवं अन्य कार्यों से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह अब कुलसचिव डॉ. अमित सिंह राजपूत सह प्राध्यापक यूटीडी को बनाया गया है। डॉ. अरोरा को हाल ही में ही कुलसचिव के पद पर बिठाया गया था। इधर डॉ. दीप्ति वर्मा प्रभारी पीएचडी प्रकोष्ठ को भी हटा दिया गया है। डॉ. दीप्ति को विश्वविद्यालय के यूटीडी में उनके मूल विभाग (कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग) में वापस भेज दिया गया है। उनकी जगह डॉ. एसआर ठाकुर स्थापना विभाग को पीएचडी प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालय की आंतरिक व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एवं शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए यह फेरबदल किया गया है।

## गलत स्व विवरणी भरने पर लगेगी 5 गुना पेनल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम ने संपत्ति करदाताओं को चेताया है कि वे अपनी संपत्ति की विवरणी गलत न भरें, अन्यथा पांच गुणा पेनाल्टी ठोंकी जाएगी। पेनाल्टी माफ करने का अधिकार आयुक्त के पास भी नहीं होगा।

पिछले वित्तीय वर्ष में कई लोगों ने टैक्स से बचने के लिए गलत विवरणी भरी थी और जब निगम की टीम मौके पर जांच की तो इसका खुलासा हुआ। इसलिए निगम करदाताओं को अभी से सतर्क कर रहा है। निगम ने बताया है कि चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान 30 नवम्बर 2025 तक करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

संपत्ति स्वामी अपनी संपत्ति की सही जानकारी विवरणी में दर्ज करें। यदि क्षेत्रफल कम दिखाया गया और निरीक्षण में गड़बड़ी मिली तो अंतर की राशि के पांच गुना के बराबर पेनाल्टी लगेगी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए स्व–विवरणी प्रस्तुत करने और बिना अधिभार के कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 रखी गई है।

## ऑनलाइन सट्टा संचालन करने वाले बीएसपी कर्मचारी सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



■ मोबाइल के माध्यम से करते थे ऑनलाईन सट्टा का संचालन

दुर्ग जिले के स्मृतिनगर थाना क्षेत्र से एक बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस मोबाइल के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा संचालन करने वाले बीएसपी के एक नियमित कर्मचारी और दो ठेका श्रमिक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि टाटा लाईन कोहका चौकी स्मृतिनगर क्षेत्र में राकेश सिंह नामक व्यक्ति अपने मोबाइल से सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना पर एसीसीयू एवं स्मृतिनगर की संयुक्त टीम गठित कर रेड कार्रवाई की गई। मौके से बीएसपी के ठेका श्रमिक राकेश कुमार सिंह उम्र 45 साल निवासी टाटा लाईन कोहका सड़क नं. 18 बजरंग पारा, टीका राम साहू निवासी ग्राम डुण्डेरा शंकर नगर तथा बीएसपी के नियमित कर्मचारी राजरत्न नागदेवते निवासी सेक्टर-4 भिलाई को पकड़ा गया।

इस दौरान पुलिस द्वारा आरोपियों का मोबाइल को चेक करने पर उसमें सट्टा खेलने और खिलाने का ब्योरा पाया गया। आरोपियों के कब्जे से सट्टा जुआ में प्रयुक्त तीन मोबाइल, एक बाइक एवं नगदी रकम 86940 रुपए सहित कुल 166940 रुपए जब्त की गई। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों में सेक्टर-4 निवासी राजरत्न नागदेवते, डुंडेरा निवासी टीका राम साहू, कोहका निवासी राकेश कुमार सिंह शामिल हैं।

## समिति के 311 प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति निरस्त

■ हड़ताल की वजह से प्रशासन ने धान काम चलाऊ व्यवस्था की थी

**दुर्ग।** जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित के अंतर्गत 311 प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्त प्रशासन ने निरस्त कर दी है। सहकारी समिति दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के समिति प्रबंधकों व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटरों की काम चलाऊ व्यवस्था की गई थी। दुर्ग जिले में 87, बालोद जिले में 122 और बेमेतरा जिले में 102 प्लेसमेंट कंप्यूटर आपरेटरों की व्यवस्था की गई थी।

### आदेश के बाद पुराने ऑपरेटर संभालेंगे कमान

प्लेसमेंट आपरेटरों की नियुक्त आदेश निरस्त करने के बाद पुराने ऑपरेटर धान खरीदी का कार्य को अंजाम देंगे। प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई है। समिति के कर्मचारी इसके पहले ही अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। सरकार ने इस हड़ताल के मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन को निर्धारित समय पर धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत जिला प्रशासन द्वारा राजस्व, नान, मार्कफेड आदि विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। तभी प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था भी की गई और उन्हे आनन-फानन में प्रशिक्षण देकर धान खरीदी कार्य में लगाया गया।

## पटवारी के आईडी पासवर्ड का दुरुपयोग कर जमीन रिकॉर्ड में हेराफेरी करने वाला एक और आरोपी पकड़ाया, अब तक 11 पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

■ मास्टर माइंड अब भी फरार

भुईयां पोर्टल में छेड़छाड़ कर सरकारी जमीनों के रिकॉर्ड बदलने और बैंक से फर्जी लोन लेने के मामले में नंदिनी थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांजगीर चांपा निवासी गिरधर बंजारे उर्फ अमन बंजारे को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस मामले में अब तक एक नाबालिग सहित कुल 11 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है।

जानकारी के अनुसार आरोपियों ने पटवारी का यूजर आईडी, पासवर्ड और ओटीपी का इस्तेमाल कर भुईया सॉफ्टवेयर में हेराफेरी की। जमीनों का नकली बटांकन और नए खसरों का निर्माण किया गया। इसी फर्जी रिकॉर्ड के आधार पर बैंक से 36 लाख रुपये का लोन निकाला। इस रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की गई, जिसमें से 20 लाख से ज्यादा नंदकिशोर साहू के खाते में मिले। उल्लेखनीय है कि तहसीलदार राधेश्याम वर्मा ने 13 अगस्त 2025 को पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी।



अब तक इस केस में 10 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जिसमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। पहले गिरफ्तार हुए आरोपियों की जानकारी पर ही अशोक उराव, कोमल साहू, कौशल फेकर, ओम प्रकाश निषाद, देवानंद साहू और शिवचरण कौशल को 25 नवंबर को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरधर बंजारे की गिरफ्तारी के साथ पुलिस अब बाकी आरोपियों की तलाश तेज कर रही है।

### अमन पहले भी पकड़ा जा चुका है जेल

भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ मामले में गिरफ्तार गिरधर बंजारे उर्फ अमन बंजारे पहले भी जेल जा चुका है। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान जब लोगों की नौकरी चली गई और वे बेरोजगार हो गए। इसका फायदा उठाते हुए अमन बंजारे ने अपने साथियों के साथ मिलकर बेरोजगारों को रेलवे, विद्युत विभाग आदि में नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की थी। इस मामले में राजधानी समेत प्रदेश के दूसरे जिलों में आरोपी, बेरोजगारों को अलग-अलग तरीके से झांसा देकर ठगी की घटना को अंजाम दिए थे। आरोपियों ने इसके लिए बेरोजगारों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया था, जिसके बाद बेरोजगारों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी अमन बंजारे लंबे समय फरार फरार चल रहा था। उसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही थी। अप्रैल 2022 को पुलिस ने अमन बंजारे उर्फ गिरधर बंजारे को पकड़ने में सफलता पाई।

**आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट**

# पारा 31 डिग्री पार, चल रही सर्द हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

इन दिनों मौसम में व्यापक उतार -चढ़ाव आने लगा है। जिसकी वजह से पारा अचानक घटने -बढ़ने लगा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से पार होते हुए 31.4 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। यह तापमान प्रदेशभर में सबसे ज्यादा दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है। इस बीच सर्द हवाएं भी चलना शुरू हो गई है। इस बदलाव की वजह से लोगों को सर्द-गर्म मौसम का एहसास होने लगा है।



### दो दिनों में न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। इससे ठंड बढ़नी शुरू हो जाएगी। आगामी तीन दिनों तक शीतलहर भी चलती रहेगी। शीतलहर की वजह से न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। मौसम शुष्क रहेगा। जिस हिसाब से मौसम बदल रहा है लोगों को दिन में गर्मी और रात में ठंडी का एहसास हो रहा है।

### पड़ रहा स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव

मौसम के इस बदलाव की वजह से स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। लोगों को सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायतें हैं। पेट संबंधी समस्याएं भी आ रही है। डॉक्टरों के मुताबिक मौसम में बदलाव की वजह से खान-पान को ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा गर्म कपड़े पहनकर ही निकलें। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों , शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व उप स्वास्थ्य केंद्रों में सीजनल बीमारी के मरीज ज्यादातर पहुंच रहे हैं। निजी क्लीनिकों पर भी इस बीमारी का इलाज करवाने लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## पुलिस ने सुबह 4 बजे चलाया स्पेशल ऑपरेशन, 300 घरों में दी दबिश

**दुर्ग।** जिला पुलिस ने बुधवार सुबह ऑपरेशन विश्वास के तहत बड़ी कार्रवाई की। यह अभियान सुबह 4 बजे से 7 बजे तक चला। अवैध मादक पदार्थो के विक्रय तथा परिवहन, चाकू व हथियार से आतंक फैलाने वाले, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई।

नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में विशेष पुलिस टीम गठीत कर छावनी के अलग-अलग इलाकों में उतरीं, देवार मोहल्ला, मछली मार्केट खुर्सीपार और दुर्ग अनुविभाग क्षेत्र के सिकोला भाठा क्षेत्र में करीब 300 मकानों की तलाशी ली गई। इस दौरान कई संदिग्ध मिले। पुलिस ने संदिग्ध लोगों के डेटाबेस तैयार करने के लिए उनके फिंगरप्रिंट लिए। कार्रवाई राजपत्रित अधिकारियों और नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में हुई। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति बनाए रखना और अवैध मादक पदार्थों, हथियारों, चाकूबाजी और आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाना है।



## रिचार्ज का प्रलोभन देकर ठगी, पकड़ाया

**भिलाई।** नया सिम खरीदने पर फ्री रिचार्ज के नाम सिम जारी कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के विरुद्ध थाना उतई पुलिस ने कार्रवाई की है। 9 अप्रैल को प्रार्थी हिमांशु पिता हरिकिशन यादव उम्र 22 वर्ष खमहरिया निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुभम निर्मलकर व्यक्ति द्वारा सिम बेचने आया था। आधार कार्ड, लाइव फोटो, बायोमेट्रिक थंब लेकर प्रार्थी के नाम पर नया सिम नंबर जारी किया गया। कहा गया कि 10 की सिम खरीदने पर 1 महीने का फ्री रिचार्ज मिलेगा। सिम बेचने वाले व्यक्ति शुभम निर्मलकर के द्वारा प्रार्थी को प्रोसेस पूरा नहीं हुआ है।इसके बाद प्रार्थी के नाम पर सिम नंबर 6232331824 जारी कर अन्य व्यक्ति को बेचकर ठगी की।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई**

**9300663610, 7489348301**

# विवाह का शुभ संगम

शुभ विवाह Special



## ज्वेलर्स, ज्योतिषी, रिसोर्ट और होटल में रौनक

शादी केवल दो लोगों का मिलन नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का बड़ा उत्सव भी है। शुभ मुहूर्त की तलाश से लेकर शादी की अंगूठी चुनने, मैरिज रिसोर्ट बुक करने से लेकर मेहमानों के ठहरने तक – विवाह के हर पड़ाव में बाजार की भूमिका मजबूत होती जा रही है। शुभ विवाह के नाम पर ज्वेलर्स, ज्योतिषी, मैरिज रिसोर्ट और होटलों का कारोबार न सिर्फ तेजी से बढ़ता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलती है।

### शादी का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व

शादी भारतीय संस्कृति का एक बेहद महत्त्वपूर्ण संस्कार है। यह परिवार एवं समाज में स्थिरता और जिम्मेदारी का आधार बनता है। विवाह जीवन का वह मोड़ है जहाँ दो लोग न सिर्फ साथ रहने का वचन देते हैं बल्कि जिम्मेदारियों को साझा करने का प्रण भी करते हैं। हर धर्म, समुदाय और क्षेत्र में विवाह की परंपराएं अलग होती हैं, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता को और भी समृद्ध बनाती हैं। समय के साथ विवाह की बदलती शैली, आज भारतीय विवाह पारंपरिक रस्मों के साथ आधुनिकता का बेहतरीन मेल पेश करते हैं।

-डेस्टिनेशन वेडिंग
-थीम-बेस्ड समारोह
-प्री-वेडिंग शूट
- डिजिटल इनविटेशन

इन सबने शादी को और भी आकर्षक और यादगार बना दिया है। विवाह में बढ़ते व्यवसाय और उद्योग। शादी सिर्फ एक रीति-रिवाज नहीं, बल्कि एक विशाल उद्योग भी बन चुकी है। लाखों लोगों को रोजगार देने वाला यह सेक्टर कई क्षेत्रों को गति देता है– दूल्हा-दुल्हन के लिए सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों की मांग शादी के मौसम में चरम पर रहती है।















# जनपद की सामान्य सभा में गरमाया धान खरीदी का मुद्दा

## कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने लगाया किसानों को परेशान करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जनपद पंचायत पाटन की सामान्य सभा में धान खरीदी का मुद्दा में जमकर गरमाया। कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने कहा कि किसानों को हो रही परेशानी के लिए शासन-प्रशासन जिम्मेदार है, इसका तत्काल निराकरण होना चाहिए। जनपद सदस्य,पूर्व सभापति दिनेश साहू ने सदन में मांग की है कि किसानों को टोकन सिस्टम को बदलकर,सरलीकरण किया जाए। पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा गिरधावरी से भी किसान भारी परेशान है। कई किसानों का भी खेत फसल है लेकिन वह फसल नहीं दिख रहा है। तहसीलदार एवं पटवारी कार्यालय में चक्कर लगा रहे हैं।



उन्होंने आगे बताया कि भूपेश बघेल सरकार में स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन बेहतरीन हो रहा था,लेकिन साय सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था के कारण स्कूल की स्थिति बहुत खराब है। बच्चों को ना तो पुस्तक मिल रही है ना मेंटनेंस के पैसे भी शासन से नहीं मिल पा रहे हैं।बच्चों का भविष्य अंधकार में दिख रहा है। सदन में अमानक बीज को लेकर भी जमकर हंगामा हुआ लेकिन अधिकारियों का सही जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेस के समर्पित जनपद पर सदस्यों में भारी नाराजगी देखी गई। सदन में महिला बाल विकास ने अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी दी। सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया की सिंचाई विभाग के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का भी प्रमुखता से उठाया गया और उनको तत्काल हटाने का मांग की गई। सदस्यों ने जमकर नल जल योजना के अधिकारी को भी फटकार लगाई लगातार जल जीवन मिशन के अधिकारियों के लापरवाही के कारण अब तक लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है कहीं पाइप टूटा हुआ है, कहीं टंकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। जिसे क्षेत्र के ग्रामीणों को पेयजल के भारी समस्या हो रही है। हर माह के बैठक में अधिकारी गोल गोल जवाब देकर चले जाते हैं अब तक हर माह के बैठक में अगले माह चालू होने का जवाब देते हैं लेकिन अब तक चालू नहीं हुआ है जनपद सदस्यों ने बताया कि जनपद पंचायत पाटन में अब तक के 15 वित्त एवं 16 वित्त के भी राशि पंचायत को नहीं मिला है इसमें नाराजगी व्यक्त की गई।

बैठक में जनपद सीईओ जागेंद्र साहू,अध्यक्ष कीर्ति नायक,उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा,सभापति रवि सिन्हा,प्रणव शर्मा,जनपद सदस्य दिनेश साहू,रश्मि वर्मा, भास्कर वर्मा,रामकुमार चंद्राकर,विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा,भावना निषाद, कुसुमलता जैन,उर्वशी वर्मा,सीतासुरेश निषाद,जनपद के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जामुल में दो करोड़ से ज्यादा के विकास को मिली मंजूरी

**जामुल।** नगर पालिका जामुल में दो करोड़ पचास लाख रूपये के विकास कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होंगे । शासन द्वारा अनुमोदन पश्चात पी.आई.सी. की बैठक का आयोजन किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि लगभग दो करोड़ पचास लाख रूपये के विकास कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें जामुल पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाली निर्माण 34.35 लाख, शेड निर्माण 24.79 लाख, सीसी रोड निर्माण 55.19 लाख, पेवर ब्लॉक 09.87 लाख एवं शौचालयो के उन्नयन हेतु 49.15 लाख रूप्ये बाउण्ड्रीवॉल हेतु 20.15 लाख रूपये, बोर खनन हेतु 01 लाख रूपये की स्वीकृति पी.आई.सी. ने दी है। नगर पालिका के समस्त वार्डों में ये सभी प्रकार के कार्य होंगे । नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि परिषद के सभी सदस्यो की मांग अनुरूप एवं सभी जनप्रतिनिधियो के सहयोग से नगर पालिका जामुल में यह विकास कार्य होगा। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, विधि एवं सामान्य प्रशासन प्रभारी अहिल्या वर्मा, लोक निर्माण प्रभारी खम्भन ठाकुर, जल कार्य प्रभारी रामदुलार साहू, राजस्व प्रभारी कविता बिश्वाल, स्वास्थ्य प्रभारी शांति टण्डन, खाद्य प्रभारी चुम्मन वर्मा, शिक्षा एवं महिला बाल विकास अधिकारी सीमा यादव, उप अभियंता सचिन भागवत, मुख्य सचिव एवं लेखापाल आशा जंघेल उपस्थित थे।

### निधन

#### टीकेजी मजूमदार



**जामुल।** एसीसी जामुल सीमेंट के पूर्व कर्मचारी एवं इन्टक यूनियन जामुल के पूर्व प्रधान सचिव टीकेजी मजूमदार 71 वर्ष का आकस्मिक निधन 25 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 नवंबर को जामुल के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अमित मजूमदार के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

#### गायत्री देवी शर्मा



**भिलाई।** गायत्री देवी शर्मा धर्मपत्नी स्व. रामभगत जी शर्मा का 74 वर्ष की आयु में आज दोपहर 2 बजे गो लोक गमन हो गया।वे एक स्नेही, सरल और मजबूत व्यक्तित्व की धनी थीं। वे अपने पीछे वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे संजय शर्मा (अधिवक्ता ) अजय शर्मा (स्वास्थ्य विभाग)और विजय शर्मा (पुलिस विभाग)की पूज्य माता थीं। शिव महेस ओमप्रकाश सुरेस पाण्डेय की बहन थीउनकी अंतिम यात्रा दिनांक 27 नवम्बर दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे सेक्टर 1 भिलाई निवास से राम नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी ।

#### भारती देवी चोपड़ा



**दुर्ग।** पदमनाभपुर दुर्ग निवासी भारती देवी चोपड़ा 62 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 नवंबर को हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश चोपड़ा की पत्नी एवं नितिन, विपिन चोपड़ा की मां तथा राजेश, अशोक, संतोष की भाभी थीं।

### गुणवत्ता की जांच किए बिना ही बनाया जा रहा भुगतान के लिए बिल, सीईओ ने दिए जांच के निर्देश

# जनपद के अधिकारियों की करतूत, एक महीने में उखड़ने लगी 40 लाख रुपए की आरसीसी रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली नंदकट्टी ग्राम पंचायत में 40 लाख रुपए की लागत से बनाई गई आरसीसी रोड एक महीने के अंदर ही उखड़ने लगी है। हद तो यह है कि गुणवत्ता की जिम्मेदारी संभालने वाले विभाग के एसडीओ और सब इंजीनियर को इससे कोई वास्ता नहीं है। इतना ही नहीं ठेकेदार को जहां 8-9 इंच मोटी सड़क बनानी थी उसने 5-6 इंच की ढलाई करके सड़क बना दी। जानकारी के मुताबिक शासन ने नंदकट्टी ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत के विकास के लिए वहां के बजार चौक व आसपास सीमेंटीकरण करने के लिए 40 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। ग्राम पंचायत की स्वीकृति और स्थल निरीक्षण के बाद बाजार चौक और उससे लगी गलियों में आरसीसी रोड तो बनाई गई, लेकिन वो महज एक महीने के अंदर उखड़ने लगी है। सड़क के ऊपर से सीमेंट और रेत धूल बनकर उड़ रही है और सड़क को जूते रगड़ने पर ही वो उखड़ने लग रही है। इससे साफ है कि सड़क की गुणवत्ता क्या होगी। इस घटिया सड़क के निर्माण के बाद अब वहां के लोगों में काफी आक्रोश है।



### नहीं रखी गई मानक के मुताबिक सड़क की मोटाई

जिस आरसीसी सड़क को बनाया गया है उसकी मोटाई कम से कम 8-9 इंच होना था, लेकिन मौके पर जब नापा गया तो सड़क की मोटाई महज 5-6 इंट ही पाई गई। ठेकेदार ने सड़क की थिकनेस कम करके सीमेंट, रेती गिट्टी की बचत की है। ठेकेदार की इस लापरवाही में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और सरपंच की भी भूमिका संदग्ध है, क्योंक ना तो उन्होंने इसको लेकर आपत्ति की और ना ठेकेदार को नोटिस, उल्टा उसका बिल बनाने पर सब इंजीनियर और एसडीओ जुट गए हैं।

### एसडीओ और सब इंजीनियर ने दिया अटपटा जवाब

जब इस गुणवत्ताहीन सड़क को लेकर विभाग के एसडीओ छत्र कुमार सोने से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वो अभी मंत्री के बंगले में हैं, सड़क के बारे में जानकारी नहीं है, बाद में बताएंगे। वहीं सड़क का निर्माण कराने वाली विभाग की सब इंजीनियर कामिनी यादव ने कहा कि वो मीडिया से पूछकर गुणवत्ता की जांच थोड़ी करेंगी। उन्होंने गुणवत्ता चेक किया है, वो ठीक है। वहीं नदकट्टी की सरपंच सुशीला साहू ने कई बार फोन करने पर भी फोन नहीं उठाया।

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

यह गंभीर मामला है। एक महीने में आरसीसी सड़क से धूल उठना और उखड़ना दर्शाता है कि मानक में कमी हुई है। मैं जनपद सीईओ को मामले की जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित करूंगा।

-बजरंग दुबे, सीईओ
जिला पंचायत दुर्ग

### नोटिस जारी कर मांगा जाएगा जवाब होगी कार्रवाई

एक महीने में सड़क का उखड़ना साबित करता है कि गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। इसमें जो भी अधिकारी जिम्मेदार है उसको नोटिस जारी की जाएगी। सड़क की गुणवत्ता की जांच होगी। यदि कमी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।

-रूपेश पाण्डेय
सीईओ, जनपद पंचायत दुर्ग

## शिक्षक का दिया न्योता भोज आत्मीयता बढ़ाता है गुरु शिष्य के बीच : सोनवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

**जामगांव आर।** शासकीय शाला गातापार में शिक्षक झामन लाल सोनवानी के जन्म दिवस पर मंगलवार 25 नवंबर को न्योता भोज दिया गया। सभी ने अपने गुरु को प्रणाम कर जन्म दिवस की बधाई दी। आग्रह पर प्रधान पाठक भुनेश्वरी नेताम,गजेन्द्र कुमार साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, रसोइया अंबिका साहू ने न्योता भोज स्वीकार किए और विद्यालय स्टाफ ने श्री सोनवानी को बधाई दी। सकारात्मक विचार के धनी झामनलाल सोनवानी ने कहा कि जीवन का सबसे सुंदर अवसर बचपन होता है। सौभाग्यवश शिक्षक की नौकरी मिल गई जिससे बच्चों के साथ रहने बात करने, प्रोत्साहित करने और अध्यापन कराने का आनंददाई अवसर मिल गया। जिससे मेरा बचपन तरोताजा रहता है। निश्चल जीवन जीने के लिए संगत मिलती है।बच्चो के साथ का सफर बड़ा सुहाना होता है। गुरु शिष्य के बीच आत्मीयता बढ़ती है। हेडमास्टर भुनेश्वरी नेताम ने कहा कि जब से न्योता भोज की व्यवस्था संचालित हुई है विभिन्न अवसरों पर बच्चों को न्योता भोज कराने वाले सज्जन मिल ही जाते है। शिक्षक सोनवानी का जन्म दिवस पर न्योता भोज देना उनकी सकारात्मक सोच का सद परिणाम है। न्योता भोज बच्चो में मानसिक तौर पर प्रोत्साहन का कार्य करता है।

## एसआईआर और धान खरीदी में आम जनता की परेशानी जानी कांग्रेस ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

अहिवारा विधान सभा 67 एस आई आर की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग- ग्रामीण राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। अहिवारा नगर कांग्रेस कमेटी, जेवरा सिरसा ब्लॉक, ब्लॉक कांग्रेस जामुल के समस्त कांग्रेस जन, मंडल अध्यक्ष गण, सेक्टर अध्यक्ष और बी एल ए की उपस्थिति में शिवपुरी जामुल मंगल भवन वार्ड नंबर 16 में यह बैठक हुई।

सभी बी एल ए ने अपने बूथ में चल रहे एस आई आर की जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने एस आई आर के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा संगठनात्मक चर्चा की। इस बैठक में ओनी महिलांग, कैलाश नाहटा, करीम खान, प्रकाश सिंह ठाकुर, सुनीता चन्नेवार, सरोजनी चन्द्राकर, रामप्यारी वर्मा, शबीहा करीम खान, संजय देशलहरे, कमलेश साहू, द्रोपती साहू, विजय लक्ष्मी वर्मा,देवेंद्र कुमार, चेतन देशमुख, पाल सिंग निषाद, सागर नाथ सिवारे, ओम प्रकाश पटेल,सुरेश साहू, चन्द्रशेखर शर्मा,मीनू ताम्रकार, डा अशोक वर्मा,सुनील राय, टोनू देवांगन, दीप्ती देवांगन, लता देवांगन, गोपी निर्मल कर के अलावा नागरिक गण उपस्थित थे। बैठक का संचालन ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर एवं आभार कमलेश साहू एस आई आर संयोजक जामुल ब्लाक ने किया।

बैठक के बाद जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग- ग्रामीण राकेश ठाकुर के नेतृत्व में सभी कांग्रेस जन किसान सेवा सहकारी समिति ढौर में जाकर किसानों को धान हो रही कठिनाई की जानकारी ली। कांग्रेसियों ने समिति का निरीक्षण कर कांटा में वजन कर जांच की और अधिकारी से चर्चा कर किसानो को हो रही दिक्कत को अविलंब दूर करने की हिदायत दी।

## बिजनेस न्यूज

### भारती विश्वविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़) में 26 नवम्बर 2025 को संविधान दिवस विधि संकाय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान मे बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर विद्यार्थियों को शपथ दिलवाने से हुई, तत्पश्चात विद्यार्थियों ने MyGov Portal पर आयोजित संविधान एवं मौलिक कर्तव्यों आधारित क्विज में सौ से अधिक विद्यार्थियो ने भाग लिया,मूट कोर्ट हॉल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा । क्विज दो चरणों—प्राथमिक एवं अंत्य चरण—में आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने संविधान की पृष्ठभूमि, प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, संशोधनों और सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दिया, प्रतियोगिता में सुश्री सुरुचि : साहू (प्रथम स्थान) और सुश्री काजोल देवांगन (द्वितीय स्थान) विजेता रही। रील-मेकिन्ग और पोस्टर प्रतियोगिता मे छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना, नागरिको के कर्तव्य एवं अधिकार, महिलाओं के अधिकारों और संवैधानिक चुनौतिया जैसे विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी रॉलिक बेंजामिन दास ने संविधान के महत्व, नागरिकों के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रेरक वक्तव्य दिया और बताया कि संविधान मात्र नियमों का दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और नागरिक जीवन का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम मे विधि संकाय के प्राध्यापकगण डॉ भूमिका मिश्रा ,सुश्री सरिता गुप्ता, सुश्री दीपवन्विता चटर्जी, श्री ऋषभ शर्मा और श्री शिवम भट्टाचार्य—ने संविधानिक साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला,कार्यक्रम के अंत मे सुश्री संपदा बैस ने आभार प्रदर्शन किया । संविधान दिवस का उक्त आयोजन छात्रों में संविधानिक चेतना, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति दायित्वों की भावना को सुदृढ़ करने मे सफल रहा ।

### बी. एम. कॉलेज में संविधान शपथ का आयोजन

**भिलाई।** बी. एम. कॉलेज कोलिहापुरी, पुलगांव, दुर्ग में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में अभिनव प्रयास जन जागरण समिति के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं संविधान शपथ का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव, एम. एल. साव. एवं अभिनव प्रयास जन जागरण समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी, प्रदीप पाण्डेय(सचिव), मुकेश दीवान एवं सतीश शर्मा के कर कमलो से माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया । सर्वप्रथम सतीश शर्मा जी द्वारा समिति का गठन कैसे हुआ इसका संक्षिप्त विवरण दिया गया तत्पश्चात प्रदीप कुमार पाण्डेय जी द्वारा समिति के उद्देश्यो को सभी विद्यार्थियों के बीच साझा किया गया । मुख्य वक्ता कमलेश तिवारी ने अपने व्याख्यान में बताया कि अभिनव प्रयास जन जागरण समिति लोगो कि सेवा के साथ जागरूक करने के लिए बनाई गयी समिति है जो बीमा सम्बंधित जानकारी से अनभिज्ञ है । उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि बैंक खाता, गाड़ी, एटीएम कार्ड, सैलरी अकॉउंट, पेंशन अकॉउंट,गैस विस्फोट, ट्रैन इत्यादि में सभी लोगो का दुर्घटना बीमा रहता है लेकिन लोग इन सभी से अपरिचित रहते है । कैसे बीमा क्लेम किया जाये और लाभ उठाया जाये इत्यादि जानकारी देने के साथ साथ विद्यार्थियों को हेलमेट, स्वच्छता, शिक्षा, वृक्षारोपण हेतु जागरूक करने का प्रयास किया गया।



### प्रश्नोत्तरी व निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

# भारतीय संविधान हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा : प्राचार्य डॉ. नंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के सयुंक्त तत्वाधान में सविधान दिवस के उपलक्ष्य पर एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ एसके भारती, डॉ आर के वर्मा विभागाध्यक्ष गणित द्वारा माँ सरस्वती व सविधान के शिल्पी डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ततपश्चात अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया । उद्बोधन



की कड़ी में राजनीति विज्ञान के अतिथि व्यख्याता चंद्रशेखर देवांगन ने सविधान निर्माण की चुनौतियों के बारे में जानकरी देते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में सविधान की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संविधान हमें अधिकार और कर्तव्य दोनों का बोध देता है और हमारे जीवन को सरल बनाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के संरक्षक, प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा ने भारतीय सविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया और सविधान की प्रस्तावना में निहित उद्देश्यों, लक्ष्यो को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आज सविधान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है सविधान के पालन से राज्य, समाज और राष्ट्र का विकास होता है। हम सभी का दायित्व है की सविधान का पालन सुनिश्चित करे और छात्र छात्राओं को चाहिए की सविधान का पालन करने के लिए नागरिकों को जागरूक करे।

प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा ने विभिन्न प्रतियोगितो के विजेताओं उपविजेताओं को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा भुनेश्वरी वर्मा ने संविधान के महत्व एवं प्रवीण कुमार एमए तृतीय सेमेस्टर अंग्रेजी के छात्र ने सविधान सभा के कार्यों को गीत के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। डॉ आरके वर्मा विभागाध्यक्ष गणित ने सविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है।

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

समक्ष : न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी / कार्यपालिक मजिस्टेट, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

(शासकीय गजट प्रकाशन हेतु)

मैं बी. श्रीनिवास राव पिता बी.ए. राव निवासी ए 5 अनमोल विहार कांलोनी, श्रीनगर मार्ग, गुढीयारी, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) का हूं। जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है. । तथा मेरी जन्म तिथि 15/06/1972 है।

2. यह कि मेरा आधार कार्ड क्रमांक 7336 0477 9510 है। जिसमें मेरा नाम बी. श्रीनिवास राव पिता बी.ए.राव दर्ज हैं।

3. यह कि कुछ शासकीय एवं निजी दस्तावेजो मे नाम बी. श्रीनिवास राव के स्थान पर संक्षेप में बी. एस राव दर्ज हो गया है।

4. यह कि बी. श्रीनिवास राव एवं बी. एस. राव दोनों मेरा ही नाम है।

5. यह कि मेरे नाम में त्रुटि होने के कारण अनेक शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है जिसके सुधार हेतु शासकीय गजट में प्रकाशित व उस आधार पर शासकीय अभिलेखों में सुधार करवाने के समर्थन में यह शपथ पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

अतएव यह शपथ-पत्र शासकीय गजट प्रकाशन हेतु निष्पादित किया गया है।

बी. श्रीनिवास राव
शपथकर्ता

**//आम सूचना//**

मैं अपने पक्षकारगण क्र. 1 श्रीमती मिलन्तीन बाई ध.प. खेमलाल निषाद (2) धनेश्वरी, (3)- धर्मेन्द (4)- कविता क्रमांक- 2, 3, 4 के पिता खेमलाल निषाद निवासी-ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अधिकृत होकर आम जन को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकारगण की पैतृक कृषि भूमि खसरा नंबर 22/4 रकबा 0.9430 हे. है जो ग्राम पुलगांव प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है जो पूर्व भूमिस्वामी स्व. कोदूराम केंवट के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज रही है। कोदूराम केंवट के मृत्यु उपरांत वर्ष 2020 में उपरोक्त भूमि सुकालू, खेमलाल, सुखवन्तीन, नागेश्वरी सभी के पिता स्व. कोदूराम केंवट तथा सोन सिंग, बुधारू पिता स्व. परऊ । आनंदराम, राजूलाल, सरिता बाई, रूखमणी सभी के पिता स्व. नारायण । धनंजय, महिपाल एवं चैतराम सभी के पिता स्व. अमर सिंह के नाम पर राजस्व अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज है। उपरोक्त संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज भूमिस्वामियों द्वारा आपस में सांठगांठ करके मेरे पक्षकारगण के हक, अधिकार की पैतृक कृषि भूमि को बिक्री करने का सौदा कर बयाना राशि प्राप्त कर जल्द ही बिक्रीनामा निष्पादित करने हेतु तत्पर हैं। मेरे पक्षकारगण द्वारा पूर्व में दिनांक 02/06/2025 को उपपंजीयक कार्यालय दुर्ग में उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र निष्पादन न किये जाने की लिखित आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। इसके बावजूद यदि उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित कर दिया जाता है तो वह अवैध एवं शून्य होगा क्रेता को उपरोक्त भूमि में कोई हक एवं अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

दुर्ग
दिनांक : 26/11/2025

मुहर

लखनलाल यदु (अधिवक्ता)
शनि मंदिर के सामने,
शास्त्री चौक
शंकर नगर, दुर्ग (छ.ग.)
मो.- 9827167303

# निगम की टीम पहुंची अवैध प्लॉटिंग में, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करके लौटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

## अवैध प्लॉटिंग कौन कर रहा, खसरा नंबर क्या जानकारी ही नहीं, एक जगह पर बिना जांच किए लौट गई वापस

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में बीच शहर में बड़े पैमाने पर अलग-अलग जगह पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। हरिभूमि ने तीन अलग-अलग जगहों की जानकारी देते हुए खबर बनाई। इसके बाद निगम के अधिकारी कार्रवाई करने पहुंचे। एक जगह पर नाम के लिए कार्रवाई हुई। दूसरी जगह पूछताछ करके लौटी और तीसरी जगह गई ही नहीं।

हरिभूमि की खबर के प्रकाशन के बाद निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन- 2 और भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों की टीम बनाकर अवैध प्लॉटिंग वाले स्थान पर कार्रवाई करने के लिए भेजा था। टीम जेसीबी और डंपर लेकर पहुंची। टीम सबसे पहले मार्क बफेलिस स्कूल के सामने कैलाश नगर क्षेत्र में पहुंची। वहां पर कई एकड़ जमीन का समतलीकरण किया जा रहा था। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी पुरुषोत्तम सिन्हा ने बताया कि वहां उन्हें बताया गया कि उसने टकड़ों में कई प्लॉट खरीदा है। अब उसे एक करके समतलीकरण कर रहा है। प्लॉटिंग नहीं हो रही है। इसलिए वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इसके बाद टीम करूद एरिया में एसीसी कालोनी के पीछे पहुंची। यहां सरदार जी ग्रुप के द्वारा जो प्लॉटिंग के लिए संरचना बनाई गई थी, उसे जेसीबी से तोड़ा गया। इसके बाद सड़क बनाने के लिए जो काली डस्ट डाली गई थी उसका कुछ हिस्सा उठाया गया और बाकी वहीं छोड़कर अधिकारी वापस आ गए। अधिकारियों का तर्क है कि उन्हें यह पता ही नहीं है कि वहां पर अवैध प्लॉटिंग किसके द्वारा की जा रही है। उस जमीन का खसरा नंबर क्या है। वो प्लाटिंग करने वाले का नाम और खसरा बता करेंगे उसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### मुख्य मार्क पर अवैध प्लॉटिंग नहीं पहुंची टीम

कुरूद में विद्यारतन भसीन मार्ग में मनसा कॉलेज के पास खंडेलवाल भवन के बगल से बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। वहां 70 प्रतिशत प्लॉट भी बिक चुके हैं, लेकिन निगम की टीम वहां कार्रवाई करने नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि उन्हें आयुक्त के द्वारा दो जगह पर ही कार्रवाई के लिए कहा गया था। झूठ बोलकर लोगों को थमाया जा रहा प्लॉट करूद में प्लॉटिंग करने वाले सरदार जी ग्रुप के जोरावर सिंह से बात की गई तो उन्होंने झूठ बोला कि उन्हें प्लॉटिंग की अनुमति निगम से मिली है। जो भी उनसे प्लॉट लेगा उसे मकान बनाने के लिए निगम से बिल्डिंग परमिशन भी मिल जाएगा। जबकि निगम के अधिकारियों का कहना है कि वो पूरी तरह से अवैध प्लॉटिंग है, वहां किसी तरह की कोई अनुमति नहीं दी गई है।

## खबर संक्षेप

### श्री शंकरा विद्यालय में एनुअल स्पोर्ट्स मीट कल से

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 द्वारा एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2005 का आयोजन 28 और 29 नवंबर को सुबह 9 बजे से की गई है। इस दो दिवसीय आयोजन के तहत 28 नवंबर को सीनियर विंग की प्रतियोगिताएं होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में कोर फेब प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद जैन होंगे। 29 नवंबर को जूनियर ग्रुप की स्पर्धाएं होंगी। मुख्य अतिथि संगीता राजगोपालन एसिस्टेंट डायरेक्टर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट होंगी।

### सामान्य सभा की बैठक कल

**दुर्ग।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 28 नवम्बर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में आदिवासी विकास विभाग, वन विभाग, पर्यावरण विभाग, खाद्य विभाग, धान खरीदी की तैयारी एवं अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### संयंत्र में घायल हुए दो कर्मचारियों की हुई सफल सर्जरी



**भिलाई।** बीएसपी में घायल हुए दो कर्मचारियों की बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल में डाक्टरों ने सफल सर्जरी की गई। प्लेट मिल में 19 नवंबर को ड्यूटी के दौरान दो कर्मचारी ओम प्रकाश साहू (36 वर्ष) तथा कमलेश कुमार वर्मा (57 वर्ष) के घायल हो गए थे। कार्य के दौरान एक भारी मेटल प्लेट अचानक गिरने से दोनों कर्मचारियों के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उनके टिबिया एवं फिबुला हड्डी में फ्रैक्चर हुआ। चौबीस घटे के भीतर जेएलएन चिकित्सालय के ऑर्थोपेडिक विभाग द्वारा दोनों कर्मचारियों की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह ऑपरेशन डॉ. रघुनंदन बिसोई के नेतृत्व में डाक्टरों की टीम ने किया। दोनों कर्मियों को परिजनों ने डाक्टरों का आभार जताया।

### बीएसपी में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। वर्क्स क्षेत्र में आयोजित इस पहल का नेतृत्व कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अभियान का आयोजन एमआरडी चौक से बोरीया गेट रोड तक सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक किया गया। एक घंटे चले इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने सड़क पर चल रहे कर्मचारियों एवं वाहन चालकों को संयंत्र परिसर में सुरक्षित वाहन संचालन हेतु आवश्यक नियमों की जानकारी दी। दोपहिया एवं एलएमवी वाहनों की निर्धारित गति सीमा, रक्षात्मक ड्राइविंग, लेन अनुशासन, आईएसआई मार्क हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया गया।

## संयुक्त यूनियन ने बेरोजगार चौक पर किया विरोध प्रदर्शन

# लेबर कोड के खिलाफ एकजुट हुए श्रमिक संगठन, जलाई 4 श्रम संहिताओं की प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

### कहा मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं से छिन जाएंगे मजदूरों के अधिकार व रोजगार

उद्योगों में तालाबंदी के लिए नियोक्ता को छूट और महिलाओं को नाइट शिफ्ट ड्यूटी अनिवार्य करने सहित कई विसंगतियों व केंद्र सरकार के लागू लेबर कोड के खिलाफ में गुस्साए श्रमिक संगठनों द्वारा देशव्यापी विरोध के तहत बुधवार की शाम बेरोजगार चौक सिविकसेंटर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान चार श्रम संहिताओं को मजदूर विरोध करार देते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई। लेडब कोड की प्रतियां भी जलाई गईं।संयुक्त यूनियन के बैनर तले हुए प्रदर्शन में लेबर कोड को वापस नहीं लेने पर आंदोलन तेज करने की की चेतावनी दी गई। प्रदर्शन में एटक, इंटक एचएमएसस, सीटू, एक्टू,स्टील वर्कर्स व लोईमूयूनियन शामिल थे।

सभा में यूनियन नेताओं ने कहा कि 21 नवंबर को तमाम विरोधों के बावजूद मोदी सरकार ने पूंजीपतियों के हित में मज़दूर विरोधी श्रम संहिताओं को दबंगई के साथ लागू कर दिया। मज़दूर विरोधी लेबर कोड को वापस लो। दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र औद्योगिक महासंघों का संयुक्त मंच इन दमनकारी लेबर कोड्स का विरोध उस दिन से कर रहे है जब से 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को खत्म करके पारित किए गए। 2019 में वेज कोड के पारित होने के तत्काल बाद देशभर में विरोध-आंदोलन शुरू हुए और जनवरी 2020 की आम हड़ताल में परिणित हुए। जब अन्य तीन कोड औद्योगिक संबंध कोड, सामाजिक सुरक्षा कोड, व व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां कोड, सितंबर 2020 में पारित किए गए, तो तत्काल विरोध हुए और 26 नवंबर की देशव्यापी हड़ताल फिर नौ जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल हुई। इसके बाद भी केंद्र सरकार ने हठधार्मिता से इन लेबर कोड्स को देश के मेहनतकश पर थोप दिया है जिसके घातक परिणाम होंगे।





### दुस्साहस पूर्ण मज़दूर विरोधी कदम

संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने कहा कि केंद्र की सत्तारूढ़ सरकार बिहार चुनावों में मिली जीत से अति उत्साहित होकर चारों लेबर कोड्स को लागू करने को लेकर सुपर-एम्पावर महसूस कर रही है, जिसके कारण लंबे संघर्षों से हासिल श्रम कानूनी अधिकारों को खत्म करते हुए मज़दूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को लागू करने की अधिसूचना से मज़दूरों के अधिकार को छिन्न-भिन्न कर देगी।

### हड़ताल के अधिकार पर हमला

यूनियन नेताओं ने कहा कि श्रम कोड्स के लागू होते ही मजदूर उद्योग एवं कार्य दिवस मालिक/नियोक्ता की भी परिभाषा बदल दी गई है। 18000 से ज्यादा कमाने वाला मजदूर नहीं कहलाएगा। सभी मज़दूर यूनियन बनाने के अधिकार सहित अपने तमाम अधिकारों से वंचित हो जाएगा। स्थाई रोजगार की जगह फिक्स्ड टर्म इम्पालाइमेन्ट होगा। ट्रेनी के बहाने क़ानूनन मालिकों को 'फ़ोकट के मज़दूर' मिलेंगे। हायर एंड फायर की नीति लागू होगा। हड़ताल के लिए 60 दिन का नोटिस देना होगा। हड़ताल के अधिकार पर हमला करते हुए एक दिन की हड़ताल करने पर 8 दिन का वेतन काटने का प्रावधान किया गया है।

### फैक्ट्री की बदली परिभाषा

अब जहां फैक्ट्री में 300 से कम मजदूर है वहां पर ज्यादातर मामलों में अब लेऑफ, छँटनी, बंदी या तालाबंदी के लिए नियोक्ता को अनुमति लेने की जरूरत नहीं रहेगी। इस दायरे में मज़दूरों की लगभग 75% आबादी आ जाएगी। अब 300 से कम मजदूर वाले फैक्ट्री पर स्थाई आदेश लागू नहीं होगा। कानून में कहा गया है कि समय पर वेतन न्यूनतम वेतन सामाजिक सुरक्षा अपॉइंटमेंट लेटर मिलने की गारंटी होगी किंतु 60 साल वाली नौकरी की गारंटी नहीं होगी। न्यूनतम मज़दूरी तय करने वाले बोर्ड का प्रारूप स्पष्टत मालिकों के पक्ष में बना दिया गया है। मज़दूरी तय करने का वह फार्मूला पूरी तरह से बदल दिया गया है। यानी मालिक मनमर्जी न्यूनतम वेतन निर्धारित करने के लिए कानूनी रूप से मजबूत हो जाएंगे।

# आयुक्त ने निर्माणाधीन रोड एवं स्लाटर हाउस का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- निगम आयुक्त द्वारा उक्त निर्माणाधीन रोड का अवलोकन किया

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन डामरीकरण रोड, डोम शेड एवं स्लाटर हाउस का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर हनुमान मंदिर के समीप 96 लाख की लागत से नवीन डामरीकरण रोड हेतु वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं निगम महापौर नीरज पाल द्वारा भूमि पूजन किया गया था। निगम आयुक्त द्वारा उक्त निर्माणाधीन रोड का अवलोकन किया गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं अविलम्ब कार्य पूर्ण करने निर्देशित किये है। वैशालीनगर थाना के पीछे पूर्व से डोम शेड निर्मित है जिसका आयुक्त ने जायजा लिया। कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह उपस्थित रहे।

### नेहरू नगर स्लाटर हाउस में मशीनें देखी

नेहरू नगर स्थित स्लाटर हाउस का निगम आयुक्त ने निरीक्षण कर कमिश्निंग एवं टेस्टिंग कार्य का अवलोकन किये। स्लॉटर हाउस निर्माण एजेंसी के अनुभवी इंजीनियर नीरज चौधरी के द्वारा स्थापित सभी मशीनरी के बारे में बताते हुए संचालित कर दिखाया गया। स्थापित सभी मशीनरी में कोई दिक्कत नहीं है। आगामी कुछ दिवसों में पशु वध गृह पूर्णतः संचालित हो जाएगा। यहां चिकित्सक की उपस्थिति में प्रमाणित पश्चात ही पशु वध कर विक्रय हेतु दिया जाएगा। स्लॉटर हाउस में मानव स्वास्थ्य को देखते हुए स्वच्छता का पूर्णतः ध्यान दिया गया है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं कमलेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगाया जाएगा लाइसेंस व वाहन संबंधी शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- जिले में लाइसेंस एवं वाहन संबंधी सेवाओं हेतु विशेष शिविर
- 27-28 नवंबर और एक दिसंबर को होगा आयोजन

दुर्ग पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत जिला स्तर पर लाइसेंस और वाहन दस्तावेजों से जुड़ी सेवाएं आम लोगों तक पहुंचाने की पहल तेज कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में विशेष शिविर आयोजित कर रही है, ताकि नागरिकों को लाइसेंस बनवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और बिचौलियों पर निर्भरता खत्म हो सके।

27- 28 नवंबर और 1 दिसंबर को आयोजित इन शिविरों में लर्निंग लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, डुप्लीकेट लाइसेंस, नवीनीकरण, एड्रेस अपडेट के साथ वाहन दस्तावेजों की ऑन द स्पॉट प्रक्रिया सीधे विभाग द्वारा की जाएगी। हाल ही में लगे शिविरों में लोगों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली है, खासकर उन नागरिकों की, जिन्हें समय या जानकारी के अभाव में पहले सुविधा नहीं मिल पाती थी। ये शिवर 27 नवंबर को बोरी, देवरत्ना सॉल्यूशन ट्रांसपोर्ट सेंटर, 28 नवंबर को पुलगांव, ई-जोन परिवहन सुविधा केंद्र और 1 दिसंबर को जमगांव प्रिंस कंप्यूटर ट्रांसपोर्ट सुविधा केंद्र में शिविर लगाया जाएगा।

# संविधान दिवस पर निगम कर्मियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सहित निगम के अधिकारी, कर्मचाररियों संख्या ने संविधान दिवस पर सबके साथ समानता बनाये रखने एवं नागरिको को उनका अधिकार दिलाने की शपथ ली। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने भारत सरकार के निर्णय को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को अधिसूचित किया। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवबंर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया।

### सेक्टर-5 में स्मृति भवन का शिलान्यास संविधान दिवस पर हुई बीएसपी की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर स्मृति भवन" का शिलान्यास तथा भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर संग्रहालय एवं पुस्तकालय भवन की आधारशिला रखी गई। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे।

विशिष्ट अतिथि सीजीएम सुशील कुमार, प्रोसेनजीत दास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, बीएसपी ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर, महाप्रबंधक नीरज वार्नर वएससी/एसटी एम्प्लॉयीज़ एसोसिएशन अध्यक्ष कोमल प्रसाद थे। अतिथियों द्वारा बाबा साहेब डॉ. के चित्र पर पुष्प अर्पित बाद मुख्य अतिथि को भारतीय संविधान की प्रति भेंट की गई। पवन कुमार ने कहा कि "यह स्मृति भवन एक बड़े सपने की नींव है— एक ऐसा सपना जिसमें बाबा साहेब के विचार समाज के हर वर्ग तक पहुँचे और सामाजिक समरसता व कल्याण के मार्ग को मजबूत करे। उनका जीवन, कार्य और संघर्षों की अमूल्य जानकारी प्रदान करेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधकसौमिक डे महाप्रबंधक अजय कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विजय कुमार ने किया व धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक एजीएम रोहित हरित ने दिया।

### रिटायर कर्मियों के हितों की रक्षा हो, बीएसपी अपने फैसले वापस ले

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रदीप चौधरी ने भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन के हालिया निर्णयों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि बीएसपी मानवता का परिचय दे और रिटेंशन स्कीम बंद करने तथा थर्ड पार्टी आवासधारियों के बढ़े हुए किराए पर पुनर्विचार करे।



डॉ. चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच सबका साथ-सबका विकास पर आधारित है। ऐसे में एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते बीएसपी को संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि रिटायर कर्मियों को जीवन भर की सेवा के बाद कुछ समय तक क्वार्टर में रहने की छूट मिलना ही चाहिए। बिना संवाद और विकल्प दिए हुए नियम बदलना अमानवीय है। उन्होंने यह भी कहा कि रिटेंशन अवधि से अधिक समय तक क्वार्टर उपयोग करने वालों पर पीपी एक्ट 1971 के तहत कार्रवाई का सुझाव देना उन श्रमवीरों का अपमान है, जिन्होंने अपना खून-पसीना प्लांट को दिया। उन्होंने प्रबंधन से अपील की कि निर्णयों पर पुनर्विचार किया जाए ताकि भिलाई की टाउनशिप संस्कृति और अपनापन सुरक्षित रह सके।

## शिक्षक फेडरेशन ने की जिला प्रशासन की कार्रवाई की सराहना

# एसआईआर के दौरान बीएलओ पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग




भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारी पर हमला किए जाने की गंभीर घटना सामने आई है। प्रशासन और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की कठोर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। 25 नवंबर को भिलाई नगर के बूथ 117 में कार्यरत बीएलओ रूपेश कुमार पर आरोपी जावेद हुसैन ने नशे में अनायास हमला कर दिया। यह हमला राष्ट्रीय महत्व के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला पाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने घायल बीएलओ को तत्काल सुपेला अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उनका उपचार जिला अस्पताल दुर्ग में किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अस्पताल पहुंचकर रूपेश जोशी से मुलाकात की। कलेक्टर ने पुलिस को सभी क्षेत्रों में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग हेतु आदेश दिए। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल बीएलओ कार्य से मुक्त किया गया। उनके स्थान पर अन्य कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई। सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मतदान केंद्र क्षेत्रों में विशेष निगरानी और पेट्रोलिंग बढ़ाई जा रही है। बीएलओ को पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए हैं ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत सूचना दी जा सके और तत्काल कानूनी कार्रवाई की जा सके।



हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



विद्यापीठ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

**लाइव इवेंट**

## तेलुगु समाज व शीशा संस्था ने सम्मानित किया इंद्रजीत सिंह को



**भिलाई।** तेलुगु समाज एवं शीशा संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, केम्प-1 आंबेडकर नगर के फाउंडेशन डे पर सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्हें संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने समाज द्वारा महिलाओं को स्वावलम्बी एवं सक्षम बनाने के निरंतर प्रयासों की सराहना की तथा अपनी ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु भिलाई तेलुगु समाज के अध्यक्ष बी. जोगा राव, महासचिव वाई. भास्कर राव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**सिटी इवेंट**

## शहर के गायक कलाकार अभिनेता धर्मेन्द्र को 28 को सुरों से देंगे श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग एवं दुर्ग सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड में दिनांक 28 नवम्बर को शाम 7 बजे से भारतीय सीने जगत के मशहूर अभिनेता ही-मैन धर्मेन्द्र को शहर के गायक कलाकार श्रद्धांजलि देंगे। मंच के प्रधान संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा एवं सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के गायक कलाकार अभिनेता धर्मेन्द्र पर फिल्माए गीत गाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान, सदस्य त्रिलोक सोनी, अजय साहू, रमन सिंह ने स्व. धर्मेन्द्र को समर्पित उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई के गायक कलाकारों से उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त गीतों भरे श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दुर्ग भिलाई के कोई भी गायक कलाकार अपनी श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

**सिटी इवेंट**

## कुष्ठ बस्ती में हेल्थ कैम्प आज एक्सपर्ट की मौजूदगी में होगा इलाज

- बीपी, शुगर ड्रेसिंग व शल्यक्रिया के अनुभवी डॉक्टर देंगे सेवाएं

**भिलाई।** समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा कुष्ठ रोग से प्रभावित बस्तियों में संचालित निशुल्क चिकित्सा शिविर अभियान के अंतर्गत हेल्प कैंप का आयोजन 27 सितंबर को जेआरडी स्कूल के पीछे सूर्य नगर डिपरा पारा वार्ड नंबर 39 में किया जाएगा। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, सीबीसी घांव की सफाई, ड्रेसिंग व शल्यक्रिया अनुभवी चिकित्सकों के माध्यम से किया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को जय तेल उपचार के बारे में बताया जाएगा। निशुल्क दवाइयां बांटी जाएगी। शिविर सुबह 8 से 12 बजे तक रहेगा। सेवा ही सफल पर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा कुष्ठ रोगियों के जीवन में स्वास्थ्य सम्मान और आत्मविश्वास लाने का सैंपल संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत यह अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी बस्ती के समाज सेवक पवन कुमार साहू द्वारा दी गई है। इस दौरान दिल्ली से आए प्रतिनिधि भी हैल्थ कैम्प में शिरकत करेंगे। महापौर अलका बाघमार भी मौजूद रहेंगी।

**सिटी इवेंट**

## संगीत कॉलेज में संविधान दिवस पर दिलाई गई शपथ, दिया संदेश



**दुर्ग।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस गरिमामय, अनुशासित एवं औपचारिक वातावरण में मनाया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की नियमावली, परंपराओं एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने उपस्थित शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई। अपने उदबोधन में उन्होंने बताया की दुर्ग जिले के गौरव घनश्याम सिंह गुप्त ने भारतीय संविधान की रचना में महत्त्वपूर्ण भागीदारी दी थी। इस अवसर पर अतिथि माधो राम सिन्हा एवं मोहम्मद आसिफ हुसैन के समक्ष संविधान की उद्देशिका का औपचारिक वाचन, अतिथि प्राध्यापक हिंदी डॉ निधि वर्मा द्वारा किया गया।

**मंत्री यादव ने सामाजिक भवन के लिए की 15 लाख की घोषणा, महापौर अल्का ने दिया हर संभव मदद का भरोसा**

# कान्यकुब्ज गुप्ता समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में जुटे मध्यप्रदेश महाराष्ट्र, दिल्ली, मुंबई से आए लोग, 9 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज का अखिल भारतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं परिचय सम्मेलन गोंडवाना भवन सिविल लाइन में आयोजित हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन महापौर अलका बाघमार ने किया। वहीं समापन समारोह में मंत्री गजेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। गणेश भगवान एवं सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर गणेश नृत्य के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, मुंबई सहित अन्यप्रदेशों से स्वजातीय बंधुओं एवं स्वजातीय महिलाएं शामिल हुईं। लगभग 6000 लोगों का आगमन हुआ। वहीं 9 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर मंत्री गजेंद्र यादव ने समाज की मांग पर सामाजिक भवन के लिए 15 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।**

**दुर्ग।** अखिल भारतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं परिचय सम्मेलन में अल्का बाघमार ने कहा कि गुप्ता समाज ने जो सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया है। वह बहुत ही सराहनीय है। समाज की गरीब परिवार के बेटियों का जो घर बसाने का कार्य किया है। बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। गजेंद्र यादव ने कहा कि कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता जिला दुर्ग द्वारा अखिल भारतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं परिचय सम्मेलन आयोजित किया है।

गुप्ता समाज के बीच में ही मेरा बचपना गुजरा है। मंडई मेला में गुप्ता समाज की मिठाई दुकान लगाते हैं। मैं मिठाई खाया हूं। सभी मेरे परिवार जैसे ही है पूरा गुप्ता समाज है। 9 जोड़ों का सामूहिक सम्मेलन में विवाह संपन्न हुआ, जो सभी नव दाम्पत्य जीवन को सफल निर्वाह करने हेतु वैवाहिक जोड़ो को शुभकामनाएं देते हुए प्रशंसा करते हुए कहा कि गुप्ता समाज को इस प्रकार से सामूहिक आयोजन करने पर बहुत बहुत शुभकामनाएं। समाज के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किए कि कार्यक्रम में भारत के कोने कोने से आए हुए सभी स्वजातीय बंधुओं एवं स्वजातीय महिलाओं का स्वागत करते हैं।

सचिव शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि दुर्ग जिला के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बहुत ही मेहनत से अखिल भारतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जो संपूर्ण भारत के सामाजिक बंधु पहुंचे। 200 युवकों और 300 युतियो ने मंच पर परिचय दिया।










### सामाजिक प्रतिभाओं और पदाधिकारियों को किया सम्मानित

इस अवसर पर सभी स्थानों से आए हुए पदाधिकारियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही दुर्ग जिला समाज की गौरव अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी गोल्ड मेडलिस्ट आकर्षि कश्यप वर्तमान में डीएसपी के पद पर पदस्थ आकर्षि कश्यप को समाज के गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उनके पिता डॉ. संजीव कश्यप को चिकित्सक के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज कीदुर्ग नगर निगम गंजपारा वार्ड से पार्षद पद पर प्रतिभा गुप्ता को निर्वाचित होने पर उन्हें दुर्ग जिला समाज की ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नल कुमार गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, मनोज गुप्ता, शत्रुघ्न गुप्ता, बालमुकुंद गुप्ता, मनोज गुप्ता, रामबाबूगुप्ता, मूलचंद गुप्ता, नीरज गुप्ता, फूलचंद गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# संस्कार और आत्मविश्वास अपनाने का दिया संदेश, सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी



**भिलाई।** रुंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई में वार्षिक उत्सव एवं भव्य प्रदर्शनी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय अंतर आलोक-अंतर्निहित नायक का जागरण था। इसका उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मानवीय मूल्यों को उजागर करना था। अभिभावकों एवं अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा, मेहनत और प्रस्तुति की सराहना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सरोज पांडे पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा तथा विशिष्ट अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर) सहित संस्था के अध्यक्ष चेयरमैन संजय रुंगटा, डायरेक्टर रजनी रुंगटा, डायरेक्टर डॉ. साकेत रुंगटा, डायरेक्टर हर्षा रूंगटा, बोर्ड मेंबर चतुर्भुज राठी, डॉ राजकुमार अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या दीप्ति सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य राजीव कुमार द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक सृजनशीलता को प्रस्तुत किया।

**आत्मविश्वास व देशभक्ति को नाटक-गायन के माध्यम से बच्चों ने किए प्रस्तुत :** सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आरंभ कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देवा श्री गणेशा स्वागत नृत्य से हुआ। इसके उपरांत मेधावी विद्यार्थियों का सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मान किया गया। नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने विषय आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें साहस, आत्मविश्वास, देशभक्ति, प्रकृति संरक्षण, नेतृत्व, मानवता और नायकत्व जैसे जीवन मूल्यों को नृत्य, नाटक और गायन के माध्यम से सशक्त रूप से प्रदर्शित किया गया। विशेष आकर्षण हिंदी नाटक आत्मचेतना, शिव तांडव और मां काली का चित्रण नृत्य के रूप में रहा। समूह गीत खुद अपने हीरो बनो, जिसने सभी में प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

# स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए चेंबर ने चलाया अभियान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा स्वदेशी एवं सदस्यता अभियान का आयोजन सुपेला मार्केट में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी और समाजसेवी उपस्थित थे।

प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि स्वदेशी अभियान का उद्देश्य स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को बढ़ावा देना है। चेम्बर लगातार व्यापारियों को संगठित कर उनकी समस्याओं का समाधान करने में जुटा है। सदस्यता अभियान से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा व्यापारियों की आवाज़ को सशक्त मंच मिलेगा। भिलाई जिला अध्यक्ष गार्गीशंकर मिश्रा ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता ही उनकी ताकत है। चेम्बर का प्रयास है कि हर छोटे-बड़े व्यापारी तक संगठन की पहुंच बने और उन्हें समान अवसर मिले। भिलाई चेयरमैन दिनकर बसोतिया ने कहा कि स्वदेशी को अपनाना समय की मांग है। इस दौरान सुनील मिश्रा, शरमद इमाम, विनोद प्रसाद गुप्ता, अखिलेश सिंह, मनोहर कृष्णानी, राकेश मल्होत्रा, दिलीप केशरवानी और निरंकार सिंह सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

**सीमा सुरक्षा बल के सामरिक मुख्यालय में जवानों ने मनाया 76वां संविधान दिवस**

# बीएसएफ के जवानों ने भारतीय संविधान के प्रति अपनी निष्ठा, श्रद्धा और कर्तव्य भावना का लिया संकल्प

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** रिसाली स्थित सामरिक मुख्यालय में 76वां संविधान दिवस उत्साह एवं राष्ट्रीय भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय के सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने एकत्र होकर भारतीय संविधान के प्रति अपनी निष्ठा, श्रद्धा और कर्तव्य भावना का पुनः संकल्प लिया।

यह सर्वविदित है कि भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष 2015 से 26 नवम्बर को भारत सरकार द्वारा देशभर में संविधान दिवस के रूप में मनाने की परंपरा आरम्भ की गई थी। इससे पूर्व इस तिथि को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। भारतीय संविधान बनाने की प्रक्रिया 09 दिसंबर 1946 को शुरू हुई थी, संविधान सभा ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिनों की लंबी प्रक्रिया के बाद 26 नवम्बर 1949 को संविधान को राष्ट्र को समर्पित किया और 26 जनवरी 1950 को इसे गणतंत्र भारत में प्रभावी किया गया। यह तिथि डॉ. आंबेडकर के विचारों, संवैधानिक दृष्टिकोण एवं राष्ट्र-निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है।



### प्रस्तावना का किया वाचन, संविधान पालन की ली शपथ



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष आयोजित औपचारिक समारोह में सामरिक मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल (विशेष-संक्रिया), छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक श्री आनंद प्रताप सिंह, भारतीय पुलिस सेवा, के नेतृत्व में उपस्थित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संविधान शपथ दोहराई। सभी ने यह संकल्प लिया कि हम भारत के संविधान के प्रति पूर्ण श्रद्धा और सच्ची निष्ठा रखेंगे, विधि द्वारा स्थापित व्यवस्था का पालन करेंगे तथा भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करेंगे।

### निहित मूल्यों को दोहराया, दूसरों को भी जागरूक करने संकल्प

कार्यक्रम का समापन संविधान में निहित मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व को सदैव प्रतिष्ठित रखने और समाज में संवैधानिक चेतना को निरंतर बढ़ावा देने के संदेश के साथ किया गया। इस अवसर पर दूसरों को भी संविधान के पालन और बताए मार्ग पर चलने जागरूक करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बीएसएफ के अधिकारी और जवान प्रमुख रूप से मौजूद थे। अधिकारियों ने कहा कि हमारे देश का संविधान दुनिया के उन चुनिन्दा संविधानों में से एक है, जिसकी चर्चा सभी जगहों पर होती है।

## सिटी इवेंट

# एमबीए को स्टूडेंट्स का इंडस्ट्रियल क्षेत्रों का किया शैक्षणिक भ्रमण



**दुर्ग।** भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एमबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। यह भ्रमण प्राचार्य डॉ. एसके जायसवाल के निर्देशन तथा एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. दलजीत सिंह वाधवा के मार्गदर्शन में यंग मैनेजर्स एसोसिएशन के समन्वयकों डॉ. श्रवण पांडे एवं डॉ. शुचि शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने टॉपवर्थ स्टील्स रसमड़ा का भ्रमण किया, जहां उन्हें उद्योग में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों, उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता प्रबंधन, सुरक्षा मानकों, और कॉर्पोरेट कार्य प्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर मिला। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ, क्योंकि इससे उनकी सैद्धांतिक पढ़ाई और वास्तविक उद्योग अनुभव के बीच की खाई को पाटने में मदद मिली। साथ ही इसने उनके रोज़गार कौशल विकास, कॉर्पोरेट कल्चर की समझ, व्यावहारिक सीख, तथा उद्योग विशेषज्ञों से नेटवर्किंग के अवसर भी प्रदान किए। भ्रमण के दौरान विभाग के प्राध्यापक डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती, सीएमए सुशमा सिंह, डॉ. सौरभ तोमर एवं श्री के. के. डेका भी छात्रों के साथ उपस्थित रहे। संस्थान प्रशासन ने इस भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उद्योग भ्रमण छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें भविष्य की औद्योगिक चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

## सिटी लाइव

# ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने शादी के लिए की 25 हजार की आर्थिक मदद



**भिलाई।** ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के निर्देशानुसार एसोसिएशन के वाहन चालक वार्ड 1 जुनवानी नेहरू नगर निवासी सहजाद खान की बहन तथा जोन 3 खुर्सीपार निवासी वाहन चालक भुवनेश्वर सिंह की पुत्री के विवाह के लिए प्रत्येक को 25,000 की नगद सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंह, कोषाध्यक्ष जोगा राव, मनोज अग्रवाल, शहनवाज़ कुरैशी, सोम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# वाणी रजत जयंती समारोह में साहित्यकारों को मिला सम्मान



**भिलाई।** प्रगति भवन सिविक सेंटर में भिलाई वाणी के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत भिलाई वाणी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जब-जब समाज में संवाद कमज़ोर पड़ता है, साहित्य पुल बनकर हमें जोड़ता है। उन्होंने साहित्य को संवेदना, संस्कार और समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि लेखक और कवि समाज की नब्ज़ को पहचानते हैं और उनकी रचनाएँ समय के अंधकार में मार्गदर्शन देने वाली दीपशिखा बनती हैं। श्री बंछोर ने आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वरिष्ठ व्यंग्यकार एवं साहित्य अकादमी के पूर्व सदस्य गिरीश पंकज, हिंदी-बंगाली कवि एवं कलाकार प्रकाश चंद्र मंडल, तथा तेलुगु कवि डब्बीरु प्रभाकर राव को भिलाई वाणी सम्मान से अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि ने शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमालाएँ अर्पित कर सम्मान प्रदान किया। मुख्य संपादक एल. रुद्रमूर्ति ने सम्मान-पत्र देकर तीनों साहित्यकारों के महत्वपूर्ण साहित्यिक योगदान का उल्लेख किया। सम्मानित गिरीश पंकज का परिचय व्यंग्यकार विनोद साव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सीएच श्रीनिवास, सीएच कृष्णमूर्ति, एम. बाबूराव, बीके दीवाना, के. जगदीश, एस. नारायण स्वामी, एम. धर्मा राव, के. वेंकट राव, एम. वेंकट राव, बीएस नारायण, पी. श्रीनिवास, डी. श्रीनिवास, बी. जोगाराव सहित सहित अन्य मौजूद थे। विशेष रूप में अर्जुन अवॉर्ड विजेता राजेंद्र प्रसाद, वरिष्ठ स्टेट मीडिया कंसल्टेंट डा. डी. श्याम कुमार, शायर मुमताज अली, तथा छत्तीसगढ़ आसपास के संपादक प्रदीप भट्टाचार्य उपस्थित रहे।



## गर्ल्स कॉलेज में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की शुरुआत, लिया जा रहा फीडबैक

# नई शिक्षा नीति में अनुशासन, परंपरा और संस्कृति को सहेजने में योगदान, स्टूडेंट्स को दे रहे जानकारी

**दुर्ग।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश की सकल नामांकन अनुपात बढ़ाए जाने के लिए एवं महाविद्यालय में स्वीकृत सीट पर शतप्रतिशत प्रवेश के लिए पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की शुरुआत की गई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने महाविद्यालय में शतप्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापकों को दिशा निर्देश प्रदान किया गया। अभियान को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय स्तर 4 टीमों का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत आदर्श स्कूल, बोरसी स्कूल, तिलक कन्या, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय बोरसी, दाऊ रु प्रसाद राष्ट्रीय विद्यालय दुर्ग का चयन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मंजूलता साव ने अभियान दल का परिचय देते हुए इस अभियान के उददेश्य से छात्राओं को अवगत कराया। महाविद्यालय की आधारभूत संरचना से लेकर महाविद्यालय में संगठित प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं नईशिक्षा नीति की संपूर्ण जानकारी पीपीटी, वीडियो, फोटोग्राफ वीडियो के माध्यम से दी गई। इसके तहत महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया, संचालित विषय, प्रवेश फीस, वेबसाईट, लाइब्रेरी, कॉमनरुम, मोबाइल स्वास्थ्य सुविधा, एंटी रैगिंग, हेल्पडेस्क, शिकायत पेटी, छात्रवृत्ति, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाईड, रेड रिबन, रेडक्रॉस, वुमनसेल एवं कैरियर काउंसिलिंग से संबंधित समस्त जानकारियों छात्राओं को प्रदान की गई।




### स्टूडेंट्स से लिया जा रहा फीडबैक, लिए जा रहे सुझाव



अभियान में कार्यक्रम के बाद चारों विद्यालय के विद्यार्थियों से फीडबैक फार्म भरवाया गया उक्त फीडबैक फॉर्म में विद्यार्थियों की जानकारी के साथ ही उनकी विभिन्न विषयों में रुचि, महाविद्यालय में संचालित विषय के अतिरिक्त अन्य विषय का सुझाव, अभियान दल द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्टि एवं आगामी सत्र में इस महाविद्यालय में प्रवेश की इच्छा से संबंधित प्रश्न रहें। चारों विद्यालय के प्राचार्यों के द्वारा उक्त कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनांए प्रेषित की गई।

### पोषक के महत्व के बारे में दी जा रही विस्तार से जानकारी

इस अभियान के अंतर्गत पोषक के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। अभियान का सफलता पूर्वक संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. मंजूलता साव, डॉ. वंदना बजारे, डॉ. वीके वासनिक द्वारा किया गया। पोषक शाला संपर्क अभियान को सफल बनाने हेतु प्रीति चंद्राकर दीक्षा जोशी, अल्का बंछोर, दीपक ठाकुर, डॉ. वैनय शंकर सोनी, डॉ. सध्या सिंह यादव, डॉ. सुनीता तिवारी, यशवंत तिवारी, संतोष कुमार शुक्ला, उत्तम कुमार देशमुख, चन्द्रहास बेदरे एवं विमल यादव का विशेष योगदान रहा।

## वार्षिक महोत्सव मनाएंगे

# सांईं महोत्सव 2 दिसंबर से, धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की बिखरेगी छठा



**दुर्ग।** सिविल लाइन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में 2, 3 व 4 दिसम्बर को वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। 49 वें वार्षिक महोत्सव में रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजनों की प्रस्तुति के अलावा मेहंदी, ड्राइंग, रंगोली एवं पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिताएं आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर कॉमेडियन पप्पू चंद्राकर सॉकरा बालोद द्वारा निर्देशित पप्पू गमतिहा की प्रस्तुति श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन करेगी, वहीं भिलाई के प्रसिद्ध भजन गायक अंकित तिवारी अपनी भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 4 दिसम्बर को आम भंडारा का आयोजन किया गया है। महाप्रसाद ग्रहण करने करीब 20 से 25 हजार की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। जिसके चलते महोत्सव की भव्य तैयारी जारी है। यह जानकारी सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति, साई मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ और सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल ने दी है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय श्री साई महोत्सव की शुरुआत 2 दिसंबर को प्रातः 7 बजे श्री साई बाबा के महाअभिषेक एवं आरती के साथ होगी। दोपहर 12 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 12:30 मंदिर में नवनिर्मित श्री साई द्वार एवं श्रीराम द्वार का अतिथि के हाथों लोकार्पण, दोपहर 12:45 बजे साई भक्तों द्वारा श्री साई लीलामृत पठन, दोपहर 1:30 बजे श्री सत्य साई भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति, दोपहर 2 बजे मेहंदी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता, संध्या 6:30 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण, संध्या 7:30 बजे छत्तीसगढ़ के मशहूर कॉमेडियन पप्पू चंद्राकर सॉकरा बालोद द्वारा पप्पू गमतिहा की प्रस्तुति दी जाएगी।

### सामूहिक आरती के बाद प्रसाद का वितरण

महोत्सव के दूसरे दिन 3 दिसम्बर को सुबह 7.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, सुबह 9.30 बजे सत्यनारायण कथा व पूजन, दोपहर 12 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 1 बजे श्री साई भजन मंडली एवं श्री साई सत्संग महिला मानस मंडली कसारीडीह द्वारा सांई भजनों की प्रस्तुति, दोपहर 2 बजे रंगोली एवं पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन, शाम 6.30 बजे सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण और संध्या 7:30 बजे प्रसिद्ध भजन गायक अंकित तिवारी भिलाई द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। अंतिम दिन 4 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 12 बजे आरती, दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया है। दोपहर 2 बजे साई सत्संग महिला मंडली कसारीडीह द्वारा सांई भजन की प्रस्तुति, संध्या 6:30 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण, संध्या 7 बजे श्री साई बाबा की मनमोहक पालकी शोभायात्रा और रात्रि 9 बजे शेज आरती उपरांत महोत्सव का समापन होगा। साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, महाचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, धीरेंद्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, सुजीत गुप्ता, संतोष यदु , सुरेश साहू, अजय सुरपाम, अरविंद वोरा, कौशल किशोर सिंह, डॉ. सुधीर हिशीकर, संजय लाखे, सत्येंद्र राजपूत, विनय चंद्राकर, संतोष खिरोड़कर, गणेश निर्मलकर, नरेंद्र राठी राकेश सेन, सुनील श्रीवास्तव के अलावा अन्य सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

## जागरुकता कार्यक्रम

# विद्यापीठ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



**दुर्ग।** विद्यापीठ कॉलेज मालवीय नगर के तत्वावधान में कॉलेज के स्टॉफ, बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा डुंडेरा में वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान समस्त ग्रामवासियों को वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थी प्रमुख रूप से मौजूद थे। पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा नियमित रूप से इस प्रकार के कार्य किए जाते हैं, जिससे समाज में जागरुकता आए। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण आवश्यक है। इससे वातावरण स्वच्छ रहता है। साथ ही हमें जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है। उन्होंने आगामी दिनों में शहर की अन्य जगहों पर भी पौधरोपण किए जाने की जानकारी दी।

**ग्रामवासियों को पौधारोपण के महत्व से अवगत कराया**

## पुनर्विवाह के इच्छुक विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा को भी जीवन साथी चुनने का अवसर

# देवांगन समाज का सामाजिक अधिवेशन और युवक युवती परिचय सम्मेलन 7 को, बैठक में लिया निर्णय

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में आगामी 7 दिसंबर रविवार को सुबह 10 बजे से डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन बैकुंठ धाम कैम्प-2 में सामाजिक अधिवेशन एवं विशाल निःशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में पुनर्विवाह करने के इच्छुक, विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा को भी अपना परिचय देकर अपने जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर एक स्मारिका भी प्रकाशित की जा रही है, जिसमें देवांगन समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवरण, समाजोपयोगी लेख-कविताएं एवं अन्य उपयोगी जानकारियां प्रकाशित की जाएगी। जिला देवांगन समाज की कैम्प-2 सामाजिक भवन में संपन्न बैठक में आयोजन की तैयारी की समीक्षा की गई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। अध्यक्ष पुरानिकराम देवांगन ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए बड़ी संख्या में समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों की स्वीकृति मिल गई है।



### आयोजन को लेकर लिए सौंपी गई अलग-अलग जिम्मेदारी

स्मारिका प्रकाशन हेतु प्रभारी देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, परिचय सम्मेलन के आयोजन हेतु प्रभारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष देवांगन एवं टीम, मां परमेश्वरी पूजा प्रभारी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कीर्ति देवांगन एवं टीम, दुर्ग जिला के बाहर अन्य जिलों में संपर्क के लिए प्रभारी धनुष देवांगन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सम्पूर्ण आयोजन को सफल बनाने हेतु दुर्ग जिला देवांगन समाज के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लाक, मंडल एवं ग्राम इकाई के पदाधिकारियों का सहयोग लिया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री गजेंद्र यादव सहित जिले के स्थानीय सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### परिचय सम्मेलन के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शुरू

सामाजिक अधिवेशन में देवांगन समाज को अग्रणी समाज बनाने हेतु गहन विचार मंथन किया जाएगा। पुरानिक राम ने समाज के सभी वर्ग से अपील की है कि वे अपने परिवार के विवाह योग्य युवक-युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परिचय सम्मेलन में शामिल होने हेतु प्रेरित करें। इस आयोजन में दुर्ग जिला के अलावा छत्तीसगढ़ एवं निकटतम राज्यों के स्वजातीय परिवार भी शामिल हो सकते हैं। बैठक में धनुष राम, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमजे, सोहनलाल, मंगतूराम, शत्रुघ्न, सोहनलाल, बृजभूषण, महेन्द्र, आशीष देवांगन, तुलसीराम, विजय देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी स्पोर्ट्स

## प्लेट कंबाइंड और रायपुर क्रिकेट अंडर-14 के फाइनल में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल मुकाबले जारी है। बुधवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध प्लेट कंबाइंड का परिणाम ड्रॉ रहा।

पहली पारी के बढत के आधार पर प्लेट कंबाइड की टीम फाइनल में पहुंची। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन पहली पारी 138 रन पर आउट हो गई। आर्य प्रताप सिंह ने 42 रन, अयांश सागर ने 26 रन और कैप्टन वेदांत पांडे ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के कुमार कृतार्थ द्विवेदी ने 6 विकेट, स्वास्तिक केसरी ने दो विकेट, अमन कुमार एवं कृष चंदन ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने दूसरी पारी एक विकेट पर 74 रन बनाए। आयुष्मान रे ने नॉट आउट 50 रन और अनंत ठाकुर नॉट आउट 18 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के गर्व सचदेव ने एक विकेट लिए।

राजनांदगांव में हुए मैच में टीम रायपुर विरुद्ध रायपुर ब्लू का परिणाम मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर रायपुर की टीम फाइनल में पहुंची। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू पहली पारी में 99 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी नौ विकेट पर 294 रन बनाकर पारी घोषित की। धनंजय साहू ने नॉट आउट 50 रन और केविन जैन ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के अतुल्य डडसेना ने 6 विकेट और शौर्य जायसवाल ने 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 168 रन बनाए। जागेश्वर निषाद ने 32 रन, कनन पटेल ने 29 रन और शौर्य जायसवाल ने 24 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर हर्ष साहू ने दो विकेट लिए। वहीं अथर्व सिंह ,केविन जैन, शशांक तिवारी, विराट यादव, अनमोल राज सिंह एवं अपूर्व देवांगन ने एक-एक विकेट लिए।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अलवीना ने जीता गोल्ड

**रायपुर।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के



तत्वधान में उत्तर प्रदेश के बरेली में 21 से 23 नवंबर को राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कैडेट व सीनियर बालक/बालिका वर्ग समूह में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से लगभग 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बिलासपुर शहर के ताइक्वांडो क्लब से अलवीना शकील, प्रज्ञा मिश्रा, व वैदिक गुप्ता ने हिस्सा लिया। जिसमे एकमात्र स्वर्ण पदक अलवीना शकील ने जीता। अलबीना ने अंडर 55 कि.ग्रा वजन वर्ग में झारखण्ड, हरियाणा, तेलंगाना, बिहार के खिलाड़ियों को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। इस अंतिम मुकाबले में उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले में हराते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। राज्य ताइक्वांडों संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने टीम व विजेता खिलाड़ी और कोच श्रुति देशपांडे को बधाईयां दी।

## नेशनल शालेय एथलेटिक्स में आकांक्षा व करन का चयन



**रायपुर।** नेशनल एथलेटिक्स शालेय चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 30 नवम्बर तक भिवानी (हरियाणा) में किया जा रहा है। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापारा-बलौदाबाजार के करन वर्मा का लॉंग जम्प 19 वर्ष बालक में और इसी विद्यालय की आकांक्षा साहू का 19 वर्ष बालिका 110 मिटर हर्डल रेस में चयन हुआ है।

## राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन में महासमुंद दोनों वर्गो में विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य बॉलबैडमिंटन संघ एवं जिला संघ बलौदाबाजार के तत्वाधान में 25 वीं राज्य स्तरीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका) का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में महासमुंद जिले की जूनियर टीम में 10 बालक एवं 10 बालिका सहित कोच मैनेजर शामिल हुए। महासमुंद जिले के खिलाड़ीयो ने स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया। बालिका टीम ने फाइनल मैच में बीएसपी को 35-25, 30-35, 35-28 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। बालक टीम ने फाइनल मैच में बलौदा बाजार को 36-38, 35-32, 35-30 अंकों से हराकर विजेता बने।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की बालक एवं बालिका टीम के स्वर्ण पदक जीतने पर हर्ष का माहौल है।

### सर्दियों में अपने खानपान पर दें ध्यान, नहीं होगा डिहाइड्रेशन

# सर्दियों में भी आप हो सकते हैं शरीर में पानी की कमी के शिकार, खुद को हाइड्रेटेड रखने उठाएं जरूर कदम

ठंड के दिनों में अक्सर लोगों को डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। कई लोगों को यह तथ्य मजाक लगे लेकिन ऐसा होता है कि सर्दी के मौसम में भी आपके शरीर में पानी की कमी हो जाए। ऐसा होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि ठंड होने की वजह से लोगों को प्यास नहीं लगती है।

आमतौर पर लोग मानते हैं कि डिहाइड्रेशन सिर्फ गर्मियों की समस्या है, लेकिन सच यह है कि यह परेशानी सर्दियां में भी हो सकती है। बहुत कम लोगों को मालूम है कि डिहाइड्रेशन की समस्या ठंड में उतनी ही खतरनाक होती हैं, जितनी गर्मी के मौसम में होती है। अक्सर ठंड के कारण हमें प्यास कम लगती है, पसीना कम आता है, और हम पानी पीना कम कर देते हैं।

इस वजह से शरीर में पानी की कमी होने लगती है, जो थकान, सिरदर्द, रूखी त्वचा और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता जैसी समस्याओं को जन्म दे सकती है। सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए सादा पानी के साथ आप कुछ ऐसे तरल पदार्थों और खाद्य पदार्थों का सेवन भी कर सकते हैं जो आपको न सिर्फ हाइड्रेटेड रखने में मदद करेंगे, बल्कि शरीर को जरूरी पोषक तत्व भी प्रदान करेंगे। अच्छी बात यह है कि



प्रकृति ने हमें कई ऐसी चीजें दी हैं जिनका सेवन करके हम ठंड में भी खुद को आसानी से हाइड्रेटेड रख सकते हैं। आइए इस लेख में ऐसे ही कुछ बेहतरीन विकल्पों के बारे में जानते हैं।

### नारियल पानी और हर्बल चाय

सादे पानी के अलावा नारियल पानी सर्दियों में हाइड्रेशन के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प है। यह प्राकृतिक रूप से इलेक्ट्रोलाइट्स, खासकर पोटेशियम, से भरपूर होता है, जो शरीर के तरल पदार्थों के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही, हर्बल चाय (जैसे अदरक, तुलसी या कैमोमाइल चाय) भी हाइड्रेशन प्रदान करती है। अच्छी बात यह है कि हर्बल चाय आपको ठंड के दिनों में गर्माहट भी देती है।

### पानी से भरपूर फल

सर्दियों में हाइड्रेशन के लिए ताजे फल बेहतरीन होते हैं। इस मौसम में संतरे और स्ट्रॉबेरी जैसे फल खाएं, जिनमें पानी की मात्रा 85% से 90% तक होती है। ये फल सिर्फ आपको हाइड्रेटेड नहीं रखते, बल्कि विटामिन सी जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरपूर होते हैं, जो सर्दियों में आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं।



इन्हें सीधे खाने या जूस के रूप में लेने से शरीर को तुरंत नमी और ऊर्जा मिलती है।

### खीरा और अन्य सब्जियां

फल ही नहीं, कुछ सब्जियां भी शरीर को हाइड्रेटेड रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। खीरा, जिसमें लगभग 95% पानी होता है, ठंड में डिहाइड्रेशन से लड़ने का एक शानदार तरीका है। इसके अलावा, सलाद और अन्य खाद्य पदार्थों में पानी से भरपूर टमाटर और शिमला



मिर्च को भी शामिल करें। ये सब्जियां न केवल पानी की आपूर्ति करती हैं, बल्कि भोजन के साथ-साथ आपके तरल पदार्थ के सेवन को भी बढ़ाती हैं।

### सूप और दाल का पानी

सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए गरमा गरम सूप से बेहतर कुछ नहीं होता। चाहें वह वेजिटेबल सूप हो या चिकन सूप, ये उच्च जल सामग्री वाले होते हैं। सूप में मौजूद सब्जियां और शोरबा एक साथ तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स देते हैं। इसके अलावा दाल का पानी या दाल का पतला शोरबा भी एक बेहतरीन पारंपरिक विकल्प है, जो पोषक तत्वों के साथ-साथ हाइड्रेशन भी प्रदान करता है। इसे रोजाना पीना आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इन सब के साथ कोशिश करें कि दिनभर में कम से कम 7-8 गिलास पानी पी लें।



## नकारात्मक ऊर्जा होती है घर के इन कोनों पर, जानें दूर करने के उपाय

जीवन में कुछ अच्छा नहीं हो रहा है, परिवार में हमेशा क्लेश बना रहता है या फिर आप तनाव में है। ऐसा नकारात्मक ऊर्जा के कारण हो सकता है। तो चलिए इसे दूर करने के उपाय जानें। हिंदू धर्म में घर को मंदिर कहा गया है। मंदिर में जाकर हर आदमी को शांति और सुकून मिलता है। मगर कई बार ऐसा होता है कि हमारे घर में वह शांति और सुकून नहीं होता है, जिसकी हम कल्पना करते हैं। कभी आपने सोचा है कि घर में बिना वजह क्लेश होना, दुर्घटना घटना या किसी समस्या के आने की क्या वजह हो सकती है?

ऐसा नकारात्मक ऊर्जा की वजह से होता है। यह ऊर्जा बेशक हमें दिखती नहीं है, मगर महसूस होती है और इस ऊर्जा के कारण हमारे साथ काफी कुछ गलत होता रहता है और हम उसे सही करने का प्रयास करते भी हैं, तो मुसीबतें कम होने का नाम नहीं लेती हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि घर के उन कोनों के बारे में हमें पता हो, जहां नकारात्मक ऊर्जा के होने की बहुत अधिक संभावनाएं होती हैं।

इस विषय में हमारी बात पंडित एवं ज्योतिषाचार्य मनीष शर्मा से हुई है। वह कहते हैं, 'घर में आप जहां गंदगी रखेंगे,



वहीं नकारात्मक ऊर्जा का वास होगा। इसलिए सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाकि कुछ स्थान ऐसे होते हैं, जहां कितनी भी सफाई रखी जाए, वहां से नकारात्मक ऊर्जा को नहीं हटाया जा सकता है। इसलिए कुछ उपायों को करने से आप इस ऊर्जा की ताकत को कम कर सकते हैं।'

**बाथरूम :** बाथरूम में आप स्नान करते हैं और गंदे कपड़ों को भी वहीं रखा जाता है। वैसे तो आपको बाथरूम की सफाई रोज ही करनी चाहिए। हालांकि, व्यस्त जीवनशैली में ऐसा करना मुमकिन नहीं हो पाता है। इसलिए आप बाथरूम को हफ्ते में एक बार साफ जरूर करें। गंदे कपड़ों को ढक कर रखें और इसके साथ ही फिटकरी को रखना न भूलें। हर 15 दिन में फिटकरी को बदल लें और जो फिटकरी आपने बाथरूम में रखी है, उसे आप पानी में घोल कर नाली में बहा दें। ऐसा करने से बाथरूम में वास करने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव को आप कम कर सकते हैं।

**किचन का सिंक :** बहुत से घरों में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाता है कि किचन का सिंक गंदा न रहे और उसमें झूठे बर्तन भी न रखे जाएं। मगर हर बार यह संभव नहीं है। सिंक है तो गंदे बर्तन तो उसमें रखे ही जाएंगे। मगर इसके साथ ही यहां नकारात्मक ऊर्जा भी वास करती है। यह ऊर्जा सबसे ज्यादा रात के वक्त प्रभावशाली होती है। ऐसे में रात में सिंक को कभी भी गंदा न छोड़ें। रात में सोने से पूर्व सारे झूठे बर्तनों को धो लें और फिर सिंक को साफ करके उसमें नमक डाल दें। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव भी कम होता है और घर की साफ-सफाई भी बनी रहती है।

**स्टोर रूम :** स्टोर रूम का तो मतलब ही है कि आप वहां पर घर का वो सामान रखते हैं, जिसका इस्तेमाल आप न के बराबर करते हैं या फिर वह आपको डिस्पोज ऑफ करना होता है। जाहिर है, स्टोर रूम में सबसे ज्यादा नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसलिए आपको स्टोर रूम में भी साफ-सफाई का ख्याल रखना है और रोज शाम के वक्त वहां की लाइट जलानी है।



## सीएससीएस के लिए क्रिकेटरों का चुनाव करेंगे जावेद और अभिषेक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के जावेद अख्तर एवं अभिषेक ताम्रकार को चयन कर्ता नियुक्त किया है। इनमें जावेद अख्तर को महिला वर्ग के अंडर 15,19, 23 एवं सीनियर वर्ग का चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत जावेद अख्तर ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की ओर से अंडर-16 व अंडर-17 वर्ग में प्रतिनिधित्व, अंडर-19 कूच बेहार ट्रॉफी में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।



2004 -5 और 2005-6 में अंदर-19 सेल ट्रॉफी में सेल का प्रतिनिधित्व किया। 2005 -06 एवं 2006-07 में रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। 2007-08 में विजी ट्राफी खेली। 2006-7 में सी के नायडू अंडर -22 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। 2007-08 में रणजी ट्रॉफी कैंप में शामिल थे। 2008 से 2022 तक इंटर रेलवे जोनल ट्रॉफी में साउथ ईस्टर्न रेलवे ( पूर्व में) एवं साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। 2015-16 2016-17 में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग में भाग लिया। अपनी इस खेल उपलब्धि का श्रेय अपने कोच रहे भूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान को देते हैं। पिछले चार वर्षो से भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के बालक वर्ग के अंडर 14 ,16 और 19 के चयन कर्ता है।

अभिषेक ताम्रकार कि वर्तमान में वन विभाग में कार्यरत है। उन्हें छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने अंडर 16 बालक वर्ग में चयन कर्ता नियुक्त किया है। इन्होंने 7 वर्षों तक भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन का सीनियर वर्ग में प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व 2001 से 2007 तक किया। विजी ट्रॉफी 2007 में खेले। अभिषेक ताम्रकार ने



एम आर एफ पेस अकादमी चेन्नई में ट्रेनी के रुप में 2005 से 2007तक भाग लिया है। वे एमआरएफ पेस फाउंडेशन बीसीसीआई द्वारा आयोजित स्पीड स्टार कॉन्टेस्ट में रनर अप रहे हैं। उनकी बॉलिंग स्पीड 140 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

इंडियन क्रिकेट लीग में अहमदाबाद राकेटस की टीम का प्रतिनिधित्व किया। रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ का प्रतिनिधि 2016-17 एवं 17 18 में किया। ,सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व 2016-17 में किया। ऑस्ट्रेलिया स्ट्रैंथ एवं कंडीशनिंग एसोसिएशन के लेवल वन कोच का सर्टिफिकेट कोर्स पास किया।, इन दोनों ही वरिष्ठ खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के चयनकर्ता नियुक्त किए जाने पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन विजय कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अरविंद जैन, उपाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ,सचिव भास्कर गोस्वामी ,संयुक्त सचिव एन अभिलाष, कोषाध्यक्ष यशजीत सिंह सहित बीसीए के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## दाल बाटी बनाते समय रखें इन बातों का ध्यान



जब भी राजस्थान का नाम जहन में आता है तो वहां के कल्चर, रहन-सहन, खान पान और रेगिस्तान की तस्वीरें नजरों के सामने घूमने लगती हैं। राजस्थान अपने खान-पान की वजह से काफी चर्चा में रहता है। अगर वहां कि खास डिश की बात करें तो दाल बाटी चूरमा को हर कोई पसंद करता है। वैसे तो राजस्थान के हर घर में दाल बाटी चूरमा बनाया जाता है, पर अब इसका क्रेज देश भर के साथ-साथ विदेशों में देखा जाता है। अक्सर जब हम बाटी बनाते हैं तो या तो ये कच्ची रह जाती है या फिर इतनी टाइट हो जाती है, जिसे खाना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी इसी परेशानी का सामना करती हैं, तो इसका आज हम आपको इसका हल बताएंगे। दरअसल, आज हम आपको बाटी बनाने के कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप बिल्कुल राजस्थान के जैसी बाटी बना पाएंगी।

### आटे का रखें ध्यान

बाटी बनाते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि इसका आटा नर्म ना हो। बाटी का आटा जितना टाइट होगा, आपकी बाटी उतनी ही अच्छी बनेगी। ऐसा करने से बाटी काफी कुरकुरी बनती है।

### आटा गूंथते समय ना करें घी की कमी

अक्सर लोगों को ऐसा कहते सुना जाता है कि वो ज्यादा घी नहीं इस्तेमाल करते। पर, अगर आप बाटी के लिए आटा गूंथ रहीं हैं तो उसमें घी की मात्रा का अच्छे से ध्यान रखें। घी की वजह से ही ये अंदर से सॉफ्ट बनेगी।

कार्नर न्यूज

### नए परिवेश में बीते दिन याद आना स्वाभाविक

# जॉब चेंज करने के बाद पुराने ऑफिस की आ रही है याद तो इन टिप्स की लें मदद, काम में भी लगेगा मन

अगर आपको जॉब चेंज करने के बाद अपने पुराने ऑफिस की याद सता रही है तो कुछ छोटे-छोटे टिप्स को अपनाकर आप इस सिचुएशन को हैंडल करें।ऑफिस को यूं ही दूसरा घर नहीं कहा जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर आप अपने घर के अलावा सबसे अधिक समय बिताते हैं। ऐसे में ऑफिस व कलीग्स के साथ एक अजीब सा कनेक्शन बिल्डअप हो जाता है।

लेकिन एक समय ऐसा भी आता है कि जब हम अपने करियर में आगे बढ़ते हैं और अपनी जॉब को अलविदा कहकर किसी दूसरी कंपनी में जॉब शुरू करते हैं। हालांकि, किसी नई कंपनी व जॉब में एडजस्ट कर पाना इतना भी आसान नहीं होता है। जब आप किसी ऑफिस में लंबे समय तक काम करते हैं तो उसे छोड़ने के बाद यकीनन पुराने ऑफिस की याद सताती है। कुछ लोगों के लिए तो अपने काम पर फोकस कर पाना भी काफी मुश्किल हो जाता है। हो सकता है कि आपके साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा हो।



### पुराने कलीग्स से बनाए रखें कनेक्शन

भले ही आपने नया ऑफिस ज्वॉइन कर लिया है, लेकिन इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नहीं है कि आपके पुराने रिश्तों की अब कोई अहमियत नहीं है। समय मिलने पर आप अपने पुराने करीबी कलीग्स से बात करें या फिर वीकेंड पर कभी-कभी उनसे मिलने की प्लॉनिंग करें। ऐसा करने से आपको यह महसूस नहीं होगा कि आप पूरी तरह से उनसे अलग हो गए हैं।

### बनाएं नए करियर गोल्स

अब आपका ऑफिस व पोस्ट दोनों बदल गए हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ नए करियर गोल्स सेट करें। अगर आप पुरानी यादों में ही उलझकर रह जाएंगे तो नई कंपनी में खुद को साबित नहीं कर पाएंगे। इसलिए, खुद के लिए नए करियर गोल्स सेट करें। इससे आपको पुरानी कंपनी की याद भी कम सताएगी। करियर गोल्स को ध्यान में रखते हुए प्लॉनिंग करें। जब आप अपने करियर को आगे ले जाने में बिजी होंगे तो बाकी सभी बातें खुद ब खुद पीछे छूट जाएंगी।

### नए कलीग्स के साथ हों ओपन अप

हम किसी भी पुरानी चीज या यादों में तब तक ज्यादा उलझे रहते हैं, जब तक हम अपने जीवन में कुछ नया नहीं करते। ऐसा ही कुछ वर्क कल्चर में भी है। चूंकि अब आपने नया ऑफिस ज्वॉइन कर लिया है तो आप अपने कलीग्स के साथ थोड़ा ओपन अप होने की कोशिश करें। मसलन, आप एक साथ लंच कर सकते हैं या फिर काम के बीच में एक साथ कॉफी ब्रेक ले सकते हैं। इससे आपको उनके जानने व नए ऑफिस में कंफर्टेबल होने में आसानी होगी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डेनियल रेडक्लिफ ने नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर, चाहते हैं पूरी स्टारकास्ट को झप्पी देना



हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं। जब डेनियल अपनी शुरुआती फिल्मों में हैरी के रूप में नजर आए थे, तब वे भी उम्र में बहुत छोटे थे। आज लगभग दो दशक बाद, उन्हें नए बच्चों को वही किरदार निभाते देख अनोसा अपनापन महसूस हो रहा है। एक इंटरव्यू में डेनियल ने कहा कि वह नहीं चाहते कि नए कलाकार उन पर किसी तरह का दबाव महसूस करें, लेकिन इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने डोमिनिक को पत्र लिखकर सिर्फ यह कहा- उम्मीद है कि वो इस सफर का आनंद पहले से भी ज्यादा लेंगे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जैसे ही वह नए कलाकारों की तस्वीरें देखते हैं, उन्हें बस उन्हें गले लगाने का मन करता है क्योंकि वो बहुत मासूम लगते हैं और उन्हें अपनी ही बचपन की याद आ जाती है। इस नई सीरीज में जहां डोमिनिक मैकलॉफलिन 'हैरी' बनकर सामने आएंगे, वहीं अरैबेला स्टैंटन 'हर्माइनी' और अलिस्टेयर स्टाउट 'रॉन' का किरदार निभाएंगे। तीनों कलाकारों के चयन के बाद से सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या यह तिकड़ी भी पिछली तिकड़ी की तरह दर्शकों का दिल जीत पाएगी।

### टॉलीवुड

## सेतुपति और पुरी जगन्नाथ की पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग पूरी, हुए कई खुलासे



साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं। विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं और दोनों से फिल्म को लेकर बातें कर रही हैं। चार्मी, विजय और पुरी का यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। पुरी और विजय ने फिल्म की शूटिंग के आखिरी दिन को लेकर कहा कि वे पहले से ही एक-दूसरे को मिस कर रहे हैं। पुरी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस वीडियो को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ' पुरी जगन्नाथ की फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। सेट पर कई महीनों की भावनात्मक और आनंदमय यात्रा के बाद, टीम ने फिल्म की पूरी शूटिंग खत्म कर ली है। जल्द ही कुछ रोमांचक अपडेट के लिए तैयार हो जाइए। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।' विजय सेतुपति की इस आगामी फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में अभिनेत्री संयुक्ता नजर आएंगी। इस फिल्म का टाइटल 23 सितंबर, 2025 को रिलीज होना था, लेकिन कुछ वजहों से इसमें देरी हो गई। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इस फिल्म में विजय और संयुक्ता के अलावा तब्बू भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। वहीं ब्रह्माजी सहायक भूमिका में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## रानी ने 'आज की रात' गाने पर दिखाया ऐसा डांस कि देखकर चौंक गए फैन्स



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने अपना एक डांस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रानी चटर्जी बॉलीवुड की हिट फिल्म 'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' पर ठुमके लगाती दिख रही हैं। यूजर्स ने उनके डांस की जमकर तारीफ की है और उन्हें- भोजपुरी की तमन्ना भाटिया कहना शुरू कर दिया है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान पूरी तरह अपनी ओर खींचा। इस वीडियो में रानी चटर्जी बॉलीवुड की हिट फिल्म 'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' पर शानदार डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में रानी चटर्जी ने गाने के हर स्टेप और मूव को उसी अंदाज में किया है, जिस तरह एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने फिल्म में किया था। सोशल मीडिया पर फैंस ने रानी चटर्जी के इस डांस को देखकर उन्हें 'भोजपुरी की तमन्ना भाटिया' का टैग देना शुरू कर दिया। वीडियो में रानी चटर्जी 'आज की रात' गाने पर जबरदस्त डांसिंग स्किल्स दिखाती नजर आ रही हैं। वीडियो में वह ब्लैक कलर की आउटफिट में नजर आ रही हैं और गाने के हर बीट पर एनर्जी से भरे स्टेप्स कर रही हैं। उनके डांस मूव्स इतने परफेक्ट हैं कि यह बिल्कुल उसी तरह लग रहा है।


### लाइफ स्टाइल

## वाइड लेग पैंट



चाहे टोरी बर्च के स्पोर्टी ट्रैक पैंट हों, माइकल कोर्स के टेलर्ड ट्राउज़र हों या खाइट के खाकी हों। 2025 के ठंड भरे इस सीज़न में रनवे पर बॉटम के मामले में बड़ा बेहतर था। न्यूयार्क फैशन वीक में इस हफ्ते वाइड लेग पैंट का जादू जगा है। नए शेप और फ्लूइड मूवमेंट के साथ लोग अपने वार्डरोब का हिस्सा बना रहे हैं।

## ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो ऐसे करें सुधार



घर पर बियर्ड ट्रिमिंग करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन ऐसा करते हुए इसमें गलतियां कर देना बड़ी बात है। कुछ गलतियां तो इतनी बड़ी होती हैं कि आपका लुक ही बिगाड़ देती हैं।

इसलिए जरूरी है कि 5 कॉमन गलतियों को पहचान लिया जाए। पहचान लिया जाए कि कौन सी गलतियां लोग आमतौर पर करते हैं ताकि आप वो गलती बिल्कुल न करें और आपका बियर्ड लुक न बिगड़ें। कौन-कौन सी हैं बियर्ड ट्रिमिंग से जुड़ी गलतियां जान लेते हैं-

### ट्रिमिंग कब करें

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है।

जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है।

### गर्दन और कलम के बाल

बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें।

### बहुत छोटी मूंछ

मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।


### होंठों के किनारे

मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी। इसलिए ट्रिम करते हुए इन बालों को समानुपात में ही काटें। वरना दाढ़ी के साथ इस जगह के बाल बहुत कम होंगे और बुरे भी लगेंगे।

## जीतना है ससुराल वालों का दिल तो शादी के बाद पहनें ऐसी साड़ियां



शादी के दिन हर लड़की और लड़के के लिए बेहद अहम होता है। लड़कों की जिंदगी में तो इस दिन के बाद ज्यादा कुछ खास बदलाव नहीं आते, लेकिन दिक्कत तो लड़कियों के सामने खड़ी होती है। लड़कियों को शादी के बाद अपने माता पिता तक का घर छोड़ कर अपने पति के घर रहने के लिए जाना होता है। नए घर में सभी ससुराल वालों को खुश करने के लिए लड़कियां काफी मेहनत करती हैं क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि शादी के बाद शुरुआत से ही अगर ससुराल वालों के साथ रिश्ता मजबूत हो जाए तो किसी तरह की परेशानी सामने नहीं आती। ऐसे में लड़कियां अपने ससुराल वालों का दिल जीतने के लिए काफी कोशिश करती हैं। वैसे तो इसके कई तरीके हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि अच्छे से सज-संवर कर भी आप अपने घरवालों का दिल जीत सकती हैं। जी हां, अगर आप अपने ससुराल में तरह-तरह की साड़ियां पहनकर तैयार होंगी, तो आपके घर वाले इससे जरूर खुश होंगे। आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं, कि नई दुल्हनों के ऊपर कैसी साड़ियां अच्छी लगती हैं।



### बनारसी साड़ी

ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

### चिकनकारी साड़ी

अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें।

## दुल्हन को तोहफे में देनी है पायल, चुनें खूबसूरत डिजाइन



शादियों के मौसम में हर कोई ये चाहता है कि वो दुल्हन को कुछ ऐसा दें, जिसका इस्तेमाल वो शादी के बाद भी कर पाए। ज्यादातर लोगों को इसके लिए पायल सबसे सही विकल्प लगती है, क्योंकि शादी के बाद दुल्हनें काफी मन से पायल पहनती हैं। पायलों की मधुर आवाज मन को अलग सा सुकून देती है।

अगर आप कुछ ऐसा डिजाइन खोज रहे हैं, जिसमें शादी की निशानी बनी हो तो ये एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की पायल आपको ऑर्डर देकर बनवानी पड़ सकती है।

इस तरह के बारीक काम वाली पायल देखने में काफी खूबसूरत लगती है। आप इसे अपने हिसाब से ऑर्डर देकर भी बनवा सकते हैं। ये देखने में कमाल की लगती है।

अगर आप पायल का कोई ऐसा डिजाइन खोज रहे हैं, जिसे दुल्हन रोजाना में पहन पाए तो ये एक बेहतर विकल्प है। आमतौर पर इस तरह की पायलें महिलाएं घरों में पहनती हैं।

आजकल की लड़कियों को ज्यादा भारी चीजें पसंद नहीं आतीं। ऐसे में आप दुल्हन के लिए इस तरह की हल्की सी पायल भी खरीद सकते हैं।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल



बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स

अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

### एंकल बूट्स

आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

### टाइट्स के साथ भी दिखेगा अलग लुक

आप एंकल लेंथ बूथ को टाइट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। ये आपको सर्दी से बचाएंगी और साथ में इसी से आपका लुक काफी क्लासी लगेगा।

### कार्नर न्यूज

### आपके कार्यक्षेत्र में ड्रेसिंग पर भी होना चाहिए पूरा ध्यान

## ऑफिस ड्रेसिंग चाहिए 'राइट' तो इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल, मुड़-मुड़ के देखने लगेंगे लोग

ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में।ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-

### अपने लिए लेवल तय करें

आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं। मगर अच्छे कपड़ों में तैयार रहना बॉस के सामने आपकी पहली इमेज तो अच्छी बना ही देता है। उनको ये मैसेज मिल जाएगा कि आप आगे बढ़ने के लिए यहां आए हैं।



### दूसरों से अलग क्या

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए।

अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें।

ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।

### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों। ना ही ज्यादा ढीले और न ही ज्यादा टाइट कपड़े ही अच्छे लगते हैं। इन कपड़ों की क्वालिटी अच्छी हो, ये अच्छे से स्टिच भी हों, ये भी ध्यान रखें।

### कोई स्टाइल स्टेटमेंट नहीं

ऑफिस के कपड़े बाकी कपड़ों से अलग होते हैं। इनको स्टाइल किया जा सकता है। लेकिन हर ट्रेंड को फॉलो करने की ये जगह बिल्कुल नहीं है।

